हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

ZORA THE MALL

PVR LUXE

आज भव्य शुभारंभ

**श्री विष्णुदेव साय जी**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
के मुख्य आतिथ्य

एवं

**डॉ. रमन सिंह जी**
माननीय विधानसभा अध्यक्ष
की अध्यक्षता में

**छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े मॉल एवं पहले PVR LUXE सिनेमा का शुभारंभ**

150+ ग्लोबल ब्रांड्स, वर्ल्ड क्लास मूवी एक्सपीरियंस, लक्ज़री शॉपिंग, इंटरटेनमेंट, फूड, फन, डायनिंग।

एग्रीकल्चर कॉलेज के सामने, NH-6, ज़ोरा, रायपुर




**अतिविशिष्ट अतिथिगण**

**श्री अरुण साव जी**
माननीय उपमुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

**श्री विजय शर्मा जी**
माननीय उपमुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

**श्री तोखन साहू जी**
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री
भारत सरकार

**विशिष्ट अतिथिगण**

**श्री चरणदास महंत जी** नेता प्रतिपक्ष, छ.ग. विधानसभा
**श्री बृजमोहन अग्रवाल जी** मान. सांसद - रायपुर
**श्री किरण सिंह देव जी** मान. प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक, जगदलपुर
**श्री केदार कश्यप जी** मान. केबिनेट मंत्री
**श्री ओ.पी. चौधरी जी** मान. केबिनेट मंत्री
**श्री रामविचार नेताम जी** मान. केबिनेट मंत्री
**श्री लखनलाल देवांगन जी** मान. केबिनेट मंत्री
**श्री दयालदास बघेल जी** मान. केबिनेट मंत्री
**श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी** मान. केबिनेट मंत्री
**श्री टंकराम वर्मा जी** मान. केबिनेट मंत्री
**श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी** मान. केबिनेट मंत्री
**श्री अमर अग्रवाल जी** मान. विधायक बिलासपुर
**श्री अजय चंद्राकर जी** मान. विधायक कुरुद
**श्री सुनील सोनी जी** मान. विधायक रायपुर दक्षिण
**श्री अनुज शर्मा जी** मान. विधायक धरसींवा
**श्री संपत अग्रवाल जी** मान. विधायक बसना
**श्री पुरंदर मिश्रा जी** मान. विधायक रायपुर उत्तर
**श्री मोतीलाल साहू जी** मान. विधायक रायपुर ग्रामीण
**श्रीमती मीनल चौबे जी** मान. महापौर रायपुर
**श्री राजीव अग्रवाल जी** मान. अध्यक्ष सीएसआईडीसी
**श्री प्रभतेज सिंह भाटिया जी** कोषाध्यक्ष बीसीसीआई
**श्री सौरभ सिंह जी** मान. अध्यक्ष खनिज विकास निगम

MAHESHWARI

cafe delhi heights · iconic · RANNA GILL · UNDER ARMOUR · SKECHERS · himalaya OPTICAL · adidas · Levi's · U.S. POLO ASSN. · Raymond · TITAN · Calvin Klein · TOMMY HILFIGER · FOREVER NEW · sun-days co · STRIDE

**मॉल एवं पीवीआर लक्स आज शाम 4 बजे से आपके लिए शुरु। आप सादर आमंत्रित हैं।**

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली स्थगित

**रायपुर।** पहलगाम हमले के बाद देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए भिलाई कोसानाला बौद्ध भूमि मे 25 अप्रैल को होने वाली संविधान बचाओ रैली स्थगित कर दी गयी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यह निर्णय लिया है।

### नेशनल सेमिनार में राज्य के प्रयासों को सराहा

**रायपुर।** नेशनल फेडेरेशन आफ स्टेट को-आपरेटिव बैंक्स (नेफसकाब) के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर पोर्ट ब्लेयर में नेशनल सेमिनार का दो दिवसीय आयोजन किया गया। इसमें देश के राज्य सहकारी बैंकों के 33 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ से राज्य सहकारी बैंक के प्रबंधक अभिषेक तिवारी एवं लेखा अधिकारी प्रभाकर कांत यादव इस राष्ट्रीय सेमिनार में हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ राज्य में सहकार से समृद्धि पर मासिक कार्ययोजना पर नेफसकाब के प्रबंध संचालक बी.सुब्रमण्यम तथा अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध संचालक मुरुगन द्वारा सराहा गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ सहकारिता विभाग को बधाई व शुभकामनाएं दी गईं।

### लोकेश बने नए अध्यक्ष पदभार ग्रहण आज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम का नया अध्यक्ष लोकेश कावड़िया को बनाया गया है। मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में 25 अप्रैल को शाम 4.30 बजे पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कल्याण विभाग एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा होंगे। विशेष अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री केदार कश्यप, मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर होंगे।

# उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम में बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 में किए सुधार के चलते अब उद्योग एक ही भू-खंड पर दोगुना निर्माण कर सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर हुए इस संशोधन से राज्य में उद्योगों एवं व्यावसायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम में संशोधन 24 दिसंबर 2024 को अधिसूचित किए गए हैं। फ्लैटेड इंडस्ट्रीज़ के लिए फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) को 1.5 से बढ़ाकर 3.0 किया गया है, जिससे उद्योग एक ही भूखंड पर अब दोगुना निर्माण कर सकेंगे। इससे विशेष रूप से एमएसएमई और स्टार्टअप्स को कम लागत में अधिक उपयोग योग्य स्थान उपलब्ध होगा।

औद्योगिक प्लॉट्स के लिए ग्राउंड कवरेज को 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही सेटबैक में कमी की गई है, जिससे ज़मीन का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

## उद्योग एक ही भू-खंड पर कर सकेंगे दोगुना निर्माण

### बढ़ेगा औद्योगिक निवेश : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि इन सुधारों से राज्य में आधुनिक औद्योगिक तथा व्यावसायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे निवेश में वृद्धि, रोजगार सृजन और राज्य की आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी। नगर एवं ग्राम निवेश विभाग ने इन संशोधनों को उद्योग हितैषी नीति के तहत तैयार किया है, ताकि छत्तीसगढ़ में औद्योगिक एवं व्यावसायिक निवेश को बढ़ावा मिल सके।



### व्यावसायिक भवनों के लिए अतिरिक्त एफएआर की होगी अनुमति

नगर पालिका क्षेत्रों और विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में व्यावसायिक भवनों के लिए न्यूनतम 5.0 एफएआर निर्धारित किया गया है। जिन भूखंडों का क्षेत्रफल 5 एकड़ या उससे अधिक है और जिन तक 100 मीटर चौड़ी सड़क की पहुंच है, उन पर एफएआर 5.0 लागू होगा। यदि ये भूखंड सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक (सीबीडी) या ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवल्पमेंट (टीओडी) ज़ोन में आते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त 2.0 एफएआर की अनुमति होगी, यानी कुल एफएआर 7.0 तक हो सकेगा।

## आम लोगों के साथ अधिकारी-कर्मचारी भी हलाकान

# भीषण गर्मी में तप रहे सरकारी दफ्तर, कूलर-एसी की व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में बढ़ती भीषण गर्मी से अब सरकारी दफ्तर भी छूटे नहीं हैं। कई दफ्तरों में एसी और कूलर की व्यवस्था नहीं होने से वहां पदस्थ अधिकारी और कर्मचारियों को दिनभर गर्मी से परेशान हलाकान होना पड़ रहा है। हरिभूमि ने बुधवार को कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न विभागों के दफ्तरों से लेकर रायपुर तहसील भवन के दफ्तरों में गर्मी से बचने की गई व्यवस्था की पड़ताल की। इस पड़ताल में ज्यादातर अधिकारियों के रूम में एसी लगे मिले, वहीं जिन दफ्तरों में कर्मचारी बैठते हैं, उनमें से बहुतों में कूलर तक नहीं मिले, जिसके कारण वहां पदस्थ कर्मचारियों को गर्मी सहन करते हुए काम करना पड़ रहा है।

**कलेक्टोरेट के सभी अधिकारियों के कक्ष में एसी की व्यवस्था-** कलेक्टोरेट के सभी विभागों में पदस्थ जिला अधिकारियों से लेकर अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टरों के कक्ष में एसी लगा हुआ है। इसके अलावा जिला पंचायत रायपुर के अधिकारियों से लेकर अन्य कर्मचारियों के कक्षों में भी एसी व कूलर की व्यवस्था है, जिससे इन अधिकारियों व कर्मचारियों के कक्षों में गर्मी का एहसास तक नहीं होता।

### जनदर्शन क्लिनिक में कर्मचारी बेहाल

कलेक्टर जनदर्शन कक्ष के बगल में ही जनदर्शन क्लिनिक खोला गया है। जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से यह क्लिनिक खोला गया है, जहां शुगर, बीपी आदि की जांच के अलावा साधारण जुकाम-बुखार, बदन दर्द जैसे बीमारी के लिए निःशुल्क दवा भी वितरित की जाती है। जनदर्शन एवं कलेक्टोरेट में पहुंचने वाले आम लोगों के अलावा अधिकारी-कर्मचारियों की सुविधा के लिए यह क्लिनिक खोला गया है, लेकिन भीषण गर्मी के दिनों में भी इस क्लिनिक में मात्र एक छोटा दीवाल पंखा लगा हुआ है। इस कारण यहां बैठे चिकित्सक भी दिनभर भीषण गर्मी से हलाकान हो रहे हैं।




### कलेक्टर जनदर्शन कक्ष में बेहाल मिले अधिकारी-कर्मचारी

कलेक्टोरेट में आम लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए कलेक्टर जनदर्शन कक्ष बनाया गया है। इस कक्ष में अधिकारियों द्वारा आम लोगों की समस्याएं सुनी जाती हैं। इस कक्ष में मात्र एक एसी लगा हुआ है, जो बिगड़ा मिला। इसके कारण इस कक्ष में बैठे अधिकारियों से लेकर कर्मचारी गर्मी से परेशान मिले। जनदर्शन कक्ष के पहले एक छोटा खुला कक्ष है। इस कक्ष में जनदर्शन में पहुंचने वाले आवेदकों के आवेदनों की रजिस्टर में एंट्री की जाती है। इस कक्ष का दरवाजा खुला रहता है, वहीं यहां कूलर की भी व्यवस्था नहीं की गई है। इस कारण दिनभर यहां बैठने वाले कर्मचारी गर्मी से परेशान रहते हैं।

### रजिस्ट्री भवन के कम्प्यूटर व रिकार्ड रूम में गर्मी से तप रहे कर्मचारी

रजिस्ट्री भवन के कम्प्यूटर रिकॉर्ड रूम में एसी लगा हुआ है, लेकिन यह एसी भी सालों पुराना है। इसके कारण ज्यादातर खराब ही रहता है। गर्मी के दिनों में भी यह एसी काम नहीं कर रहा है, जिसके कारण यहां पदस्थ कर्मचारी गर्मी से हलाकान हो रहे हैं। कम्प्यूटर रिकार्ड रूम के बगल में ही नकल आवेदन की रसीद काटने का एक कर्मचारी काम करता है। इस कर्मचारी ने गर्मी से बचने के लिए खुद के पैसों से खरीदा एक छोटा कूलर अपने पास रखा है।

### खाद्य विभाग के हॉल में कूलर तक नहीं

कलेक्टोरेट स्थित खाद्य विभाग के हॉल में भी कूलर तक की व्यवस्था नहीं है। इस कारण यहां पदस्थ कर्मचारी भी दिनभर गर्मी से परेशान रहते हैं।

### तहसीलदारों के कोर्ट में भी एसी-कूलर नहीं

तहसील भवन में एसडीएम एवं तहसीलदार के रूम के अलावा कहीं भी एसी नहीं लगा है। यहां तक की तहसीलदारों के कोर्ट कक्ष में भी एसी व कूलर की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण कोर्ट लगने के दौरान तहसीलदारों एवं कर्मचारियों से लेकर पक्षकारों को भी गर्मी से परेशान होना पड़ रहा है। तहसील के डब्ल्यूबीएम शाखा में भी कूलर के बगैर कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है। इस कारण यहां पदस्थ कर्मचारी भी दिनभर गर्मी से परेशान हो रहे हैं।

# 485 आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवनों में संचालित इनके लिए बनेंगे नए भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में 1931 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें 1446 केंद्र सरकारी भवनों में चल रहे हैं, वहीं 485 भवन अभी भी किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं, जिसके कारण शासन को भी हर साल किराया राशि के रूप में लाखों रुपए का भुगतान करना पड़ रहा है। इससे शासन को नुकसान भी हो रहा है। इस नुकसान को बचाने के लिए जिला प्रशासन ने अब किराए के भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को भी सरकारी भवनों में शिफ्ट करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए तहसील के राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पटवारियों के सहयोग से उन क्षेत्रों में सरकारी खाली जमीनें ढूंढें, जहां आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भवन बनाए जा सकें।

**शहरी क्षेत्र में ज्यादा किराए के भवन** – आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में किराए के भवन में ज्यादा खुले हुए हैं। इनमें सबसे ज्यादा रायपुर शहर में किराए के भवन में आंगनबाड़ी केंद्र खुले हुए हैं। इन केंद्रों को प्रति माह किराए के रूप में अधिकतम तीन हजार रुपए भुगतान किया जाता है। देखा जाए तो यह रकम बहुत ही कम है, क्योंकि महंगाई के इस दौर में इस किराया में शहर में कहीं भी भवन मिलना मुश्किल है। शहर में किराए पर



संचालित ऐसे कई आंगनबाड़ी केंद्र है, जहां का किराया 4 से 6 हजार के बीच है। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिकाओं को किराया देने के लिए खुद के पैसे भी लगाने पड़ रहे हैं। यहीं कारण है कि कई केंद्रों में हितग्राहियों की संख्या कम होने के बाद भी अधिक संख्या दर्शाकर उन्हें मिलने वाली सहायता राशि एवं फूड सामग्री में गड़बड़ी की जाती है। इसके अलावा हितग्राहियों को भी केंद्रों में जो सुविधाएं मिलनी चाहिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उन्हें उपलब्ध करा नहीं पाते हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्र होंगे शासकीय भवनों में शिफ्ट

*कलेक्टर ने निर्देश दिए है कि किराए पर संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी भवनों में शिफ्ट किया जाना है। इसके लिए स्कूल, सामूदायिक भवन के अलावा सरकारी जमीनें भी ढूंढने के लिए कहा गया है, जहां भवन का निर्माण कराया जा सके।*

*- शैल ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग*

# मूणत ने वीर सावरकर वार्ड में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने गुरुवार को जोन 8 के वीर सावरकर वार्ड में 90 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, जिसमें 6 स्थानों पर वार्डवासियों के लिए नए सामुदायिक भवन निर्माण कार्य और शाला भवन सहित मरम्मत कार्य शामिल है।

वीर सावरकर वार्ड में 10 स्थानों पर 90 लाख रुपए के स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अटारी, जरवाय, हीरापुर में आम जनता की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन बनाया जाएगा। जरवाय पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला में 5-5 लाख रुपए की स्वीकृत लागत से कार्य कराए जाएंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, गायत्री-सुनील



चंद्राकर, जोन 8 अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, वार्ड पार्षद भगतराम हरवंश, सामाजिक कार्यकर्ता विशाल पांडे, जोन कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# आधे से अधिक तालाब नहीं भर पाए बांधों का लगातार घट रहा जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश के ज्यादातर बड़े बांधों और जलाशयों का जलस्तर गिर गया है। अप्रैल के मध्य में ये हाल है, तो अभी पूरा मई और जून बचा है। निस्तारी के लिए पिछले एक माह से बड़े और मझोले बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है। प्रदेश के करीब 6500 तालाबों को भरने के लिए पानी छोड़ा गया था। अब तक आधे तालाबों को भरा गया है।

सिंचाई विभाग के अनुसार अभी भी कई जिलों में तालाब नहीं भर पाए हैं। एक माह के दौरान बांधों में जल स्तर 45 प्रतिशत से ऊपर था, वह घटकर अब 31 प्रतिशत हो गया है।

जलाशयों में करीब 10 प्रतिशत पानी रिजर्व रहता है। निस्तारी के नाम पर छोड़ा गया पानी खेतों में जा रहा है, इससे टेल एरिया के क्षेत्रों को पानी नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश में गिरते जल स्तर के कारण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गर्मी से पहले ही हैंडपंप सूखने लगे थे। कई जगहों पर तालाबों में भी निस्तारी के लिए पानी नहीं होने के कारण राज्य सरकार ने निर्णय लिया कि तालाबों को भरने के लिए पानी छोड़ा जाए। प्रदेश के 20 से अधिक बांधों से पिछले माह की 18 तारीख से पानी छोड़ने का सिलसिला जारी है। सिंचाई विभाग लगातार इसकी समीक्षा कर रहा है। अब तक 3 हजार से अधिक तालाबों को भरा जा चुका है। कई जगहों पर नहर की मरम्मत न होने और बंधान टूटने के कारण पानी खेतों में भर गया है। किसान इससे बेहद परेशान हैं।




### पानी खेतों में पहुंच रहा

धमतरी जिले में करीब 156 गांवों में पेयजल संकट है। अब तक 700 हैंडपंप बंद हो चुके हैं। पानी की किल्लत दूर करने चार बांधों से जिले के 300 तालाब भरने की योजना बनाई गई है। बांधों से नहर के जरिए गांवों के तालाबों को भरने के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। 18 मार्च से गंगरेल बांध से पानी छोड़ा गया है, लेकिन बांधों का पानी नहरों या तालाबों में नहीं पहुंच रहा है, बल्कि किसानों के खेतों में जा रहा है। धमतरी और नगरी के कई गांवों में खेतों में भरा पानीः धमतरी के बिजनापुरी, सरसोंपुरी, कंडेल, गागरा, शंकरदास, संबलपुर, बोडरा, बलियारा और नगरी के तीन से चार गांवों में खेतों में पानी भर गया है। गंगरेल से धमतरी जिले के अलावा रायपुर, अभनपुर, गोबरा नवापारा, पाटन को पेयजल के लिए पानी छोड़ा गया है।

### निस्तारी का संकट, गंगरेल में 36 फीसदी जलभराव

प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े बांध गंगरेल में तेजी से पानी कम हो रहा है। बांध में अभी कुल 17.033 टीएमसी पानी है। इसमें से 11.962 टीएमसी को ही उपयोगी जल माना जाता है। अभी गंगरेल से धमतरी जिले के 390 और रायपुर और बालौदाबाजार जिले के निस्तारी तालाबों को भरने के लिए 15 मार्च से पानी दिया जा रहा है। सिंचाई के लिए इस साल भी पानी नहीं देने के कारण ही गंगरेल का भराव 36.22 फीसदी है।

### तांदुला में 20 प्रतिशत पानी

दुर्ग संभाग के सबसे बड़े जलाशय तांदुला में सिर्फ 20 प्रतिशत पानी है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 26 प्रतिशत पानी था। तांदुला से भिलाई-दुर्ग, बालोद की प्यास बुझती है। बालोद स्थित खरखरा जलाशय में 21 प्रतिशत पानी बचा है। राजनांदगांव स्थित पिपरिया नाले में 56 फीसदी, कवर्धा स्थित सरोदा डैम में 49 फीसदी, भिलाई स्थित मरोदा डैम में 44 फीसदी पानी बचा है।

### घुनघुट्टा बांध में 38 फीसदी बचा पानी

घुनघुट्टा डेम को अंबिकापुर का जीवनदाता कहा जाता है, इसी डेम से शहर में पानी की सप्लाई की जाती है। इस डेम में पानी की क्षमता 24.18 एमसीएम है। अभी की स्थिति में घुनघुट्टा डेम में 38 प्रतिशत पानी बचा हुआ है। बस्तर के कोसारटेडा जलाशय में पिछले पांच साल में सबसे कम पानी है। इसी वजह से अब कोसारटेड़ा जलाशय से पानी छोड़ना बंद कर दिया गया है ।

### खूंटाघाट में 36.32 जलभराव

बिलासपुर संभाग के सबसे बड़े जलाशय अरपा भैंसाझार में 24.10 प्रतिशत पानी बचा है। जलाशय की क्षमता 12.10 मिलियन टन घनमीटर है। कोटा स्थित घोंघा जलाश में 32 फीसदी पानी बचा है। इसकी क्षमता 11.40 मिलियन घन मीटर है। रतनपुर स्थित खारंग (खूंटाघाट) जलाशय में भी 36 फीसदी पानी बचा है।

### बाना में 10 एकड़ भूमि कब्जा मुक्त

**रायपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत आई शिकायत पर गुरुवार को धरसींवा क्षेत्र के ग्राम बाना में बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। इस भूमि पर करीबन 20 लोगों ने अतिक्रमण भवन का निर्माण करा लिए थे, जिसे तहसील राजस्व विभाग की टीम ने तोड़कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

**॥ नाम परिवर्तन ॥**
**॥ शपथ पत्र ॥**

मै संतोषी जोशी पति स्व. तुलाराम जोशी निवासी वार्ड नं-11, झंडा चौक, जुनाडीह, बिरगांव, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँः-

1. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, मेरे पुत्र के अंकसूची/ शैक्षणिक दस्तावेजो एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम मयंक जोशी (MAYANK JOSHI) दर्ज है, किन्तु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में पुत्र का नाम टीकम जोशी (TIKAM JOSHI) दर्ज है। नाम में एकरूपता लाने हेतु मै अपने पुत्र का नाम मयंक जोशी (MAYANK JOSHI) रखना चाहती हूँ.-जिसके चलते मेरे पुत्र के आधार कार्ड एवं अन्य समस्त दस्तावेज जिसमे टीकम जोशी (TIKAM JOSHI) दर्ज है, के स्थान पर संशोधन कर मयंक जोशी (MAYANK JOSHI) दर्ज कराना चाहती हूँ एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूँ।
3. यह कि उक्त सूचना के समर्थन मे यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

**सत्यापन :-**

मै शपथकर्ता संतोषी जोशी पति स्व तुलाराम जोशी निवासी वार्ड नं 11, झंडा चौक, जुनाडीह, बिरगांव, तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.) सत्यापित करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 3 तक के कथन मेरे स्वतः के ज्ञान से सत्य एवं सहीं है। अतः आज दिनांक 22/04/2025 को स्थान धरसींवा में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

संतोषी
शपथकर्ता

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में**
**मामला क्रमांकः 202504112800018/129**

विषय :- अ-20 (3) सन्:-2024-2025

मामले की श्रेणी :- राजस्व

रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- प्रशांत कुमार तिवारी पिता स्व. रामप्रसाद तिवारी,

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा पेंशनबाडा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रशांत कुमार तिवारी पिता स्व. रामप्रसाद तिवारी, निवासी- पेशनबाडा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ. ग. द्वारा छ. ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा पेंशनबाडा स्थित ब्लॉक/ शीट नंबर- 116, भूखण्ड क्रमांक-21, रकबा 3925 वर्गफुट भूमि संयुक्त रूप से उमाकांत पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, अरूण कुमार पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, रमा पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, गौरी पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, सरोज पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, नितिन पिता राजाराम तिवारी, अनिता पिता लालराम तिवारी, सुनीता पिता लालाराम तिवारी, प्रशांत कुमार तिवारी पिता रामप्रसाद तिवारी, शरद कुमार तिवारी पिता रामप्रसाद तिवारी, श्रीकांत तिवारी पिता श्रवण कुमार तिवारी, श्रद्धा पिता श्रवण तिवारी, श्रुति पिता श्रवण कुमार तिवारी, श्रेष्ठा पिता श्रवण तिवारी एवं रंजना पति श्रवण तिवारी के नाम संयुक्त रूप से दर्ज है। सहखातेदार रंजना पति श्रवण कुमार तिवारी की मृत्यु दिनांक 08/12/2024 को गया है, उनके वारिसानों का नाम पूर्व से ही अभिलेखों में दर्ज है। अतएव आवेदक द्वारा सहखातेदार रंजना तिवारी पति श्रवण तिवारी का नाम विलोपित करने हेतु आवेदन पत्र के साथ ऑनलाईन मेंटेनेंश खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 06/05/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

Manish Mishra
नजूल अधिकारी, रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16**
**तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन सूचना**

दिनांक 24/04/2025

प्रति,
1. श्रीमती कमलेश कौर चावला पति एम.एस. चावला निवासी सिविल लाईन रायपुर
2. श्री आर.के. लोधी पिता जेड.एम. लोधी निवासी न्यू पुरैना रायपुर
3. श्री अजबल दास निवासी ग्राम भुरकोनी

**विषय-** आवेदिका कमलेश कौर पति एम.एस. चावला निवासी द्वारा आवेदित ग्राम भुरकोनी प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. सारागांव रायपुर-16 स्थित भूमि खसरा नंबर 110/3, 118/123 रकबा क्रमशः 0.112, 0.0880 हे. कुल क्षेत्रफल 0.200 हेक्टेयर के सीमांकन/बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।

**संदर्भ-** न्यायालय अति.तहसीलदार धरसींवा के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्र.Q वा/ना./तह./2025 धरसींवा दिनांक 11/03/2025 संदर्भ में।

उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय अति.तहसीलदार धरसींवा के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 28/04/2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।

क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि के संलग्न भूमि धारक/बटांकन धारी है। अतः उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 13 के छपोरा स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभाषक/वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

सूचनोपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवं पश्चात् की गई आपत्ति अमान्य होगा।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-16 (सारागांव)

**शपथ-पत्र**

मैं आयुष कुमार सेन (AYUSH KUMAR SEN ), उम्र 19 वर्ष, पिता- श्री हीरा लाल सेन ( HEERA LAL SEN) निवासी-ग्राम-बोरियाकला, पोस्ट - सेजबहार, थाना-मुजगहन, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) का निवासी हूं, जो कि शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही ।
2. यह कि मेरा वास्तविक / सही नाम आयुष कुमार सेन (AYUSH KUMAR SEN) एवं मेरे पिता का वास्तविक / सही नाम हीरा लाल सेन ( HEERA LAL SEN) है।
3. यह कि मेरी कक्षा - 12वीं (वर्ष 2024, रोल नंबर - 12624754) की अंक - सूची में त्रुटिवश मेरा नाम-आयुष कुमार सेन (AYUSH KUMAR SEN) के स्थान पर आयुष सेन (AYUSH SEN) एवं मेरे पिता का नाम हीरा लाल सेन ( HEERA LAL SEN) के स्थान पर हीरा लाल सेन ( HEERALAL SEN) दर्ज है।

अतः मैं अपने तथा अपने पिता का सही नाम दर्ज करवाने के सम्बन्ध में संबंधित विभाग, अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ-पत्र की कंडिका क्रमांक- 01 से 03 तक में वर्णित समस्त कथन मेरी जानकारी में पूर्णतः सत्य व सही है, जिस पर मैंने अपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

24/04/2025 सत्यापनकर्ता

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16**
**तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन सूचना**

दिनांक 24.04.2025

प्रति,
1. श्री आर.के. लोधी पिता जेड.एम. लोधी निवासी न्यू पुरैना रायपुर, 2. श्रीमती कमलेश कौर चावला पति एम.एस. चावला निवासी सिविल लाईन रायपुर, 3. श्री अजबल दास निवासी ग्राम भुरकोनी।

**विषयः-** आवेदक/आवेदिका आर.के. लोधी पिता जेड.एम. लोधी, निवासी द्वारा आवेदित ग्राम भुरकोनी प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. सारागांव रायपुर-16 स्थित भूमि खसरा नंबर 110/2, 118/299 रकबा क्रमशः 0.103, 0.130 हे. कुल क्षेत्रफल 0.233 हेक्टेयर के सीमांकन/बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में।

**संदर्भः-** न्यायालय अति. तहसीलदार धरसींवा के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्र. 542/वा./अति.तह./2025 धरसींवा दिनांक 22.04.2025 के संदर्भ में।

उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय अति.तहसीलदार धरसींवा के संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 28.04.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है।

क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि के संलग्न भूमि धारक/बटांकन धारी है। अतः उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 13 के छपोरा स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभाषक/वैध अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सूचनोपरांत अनुपस्थिति की स्थित में भी सीमांकन कार्य किय जावेगा एवं पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म. रायपुर-16 (सारागांव)

# सफेद मार्किंग के बाहर पार्क वाहन के चालकों पर कार्रवाई


**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने गुरुवार को शहर में बढ़ते ट्रैफिक समस्या को लेकर बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने नए कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है, साथ ही उन्होंने कहा कि पुराने कॉम्प्लेक्स जहां पार्किंग में दुकान संचालित हो रही हो उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शहर के सभी जोन कमिश्नर और सीएमओ को निर्देशित किया कि बाजार में सफेद मार्किंग कराए और उसके बाहर वाहन पार्क करने वले चालकों पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने ने कहा कि दुकानदारों द्वारा दुकान के सामान सड़क पर न रखे तथा वाहन को मल्टीलेवल पार्किंग में रखने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



तापमान
अधिकतम 43.7 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

## अमरनाथ यात्रा के पंजीकरण से पीछे हटने लगे यात्री



पहलगाम में हुए आतंकी हमले का सीधा असर धार्मिक यात्राओं पर पड़ने लगा है। रायपुर से हर साल बड़ी संख्या में अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इस बार गिरावट देखी जा रही है। अमरनाथ यात्रा समिति के अनुसार जो श्रद्धालु इस महीने यात्रा की तैयारी में थे, अब वे पंजीकरण से पीछे हटने लगे हैं। लोगों में डर का माहौल है और यात्रा की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, वैष्णो देवी यात्रा के लिए भी यात्रियों की पूछपरख लगभग थम चुकी है। कई यात्रियों ने फिलहाल यात्रा स्थगित करने का निर्णय लिया है।

### कटरा से नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन

उत्तर रेलवे ने श्री माता वैष्णों देवी कटरा से नई दिल्ली के बीच विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। कटरा से एक विशेष ट्रेन बुधवार को चलाई गई। दूसरी विशेष ट्रेन बृहस्पतिवार को अपराह्न 10.50 बजे कटड़ा से रवाना होगी। रास्ते में यह बलिदानी कैप्टन तुषार महाजन ऊधमपुर, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, लुधियाना व अंबाला में रुकेगी। इसमें वातानुकूलित श्रेणी के कोच लगेंगे।

# अमरनाथ-वैष्णो देवी यात्रा से रायपुर के श्रद्धालु पीछे हटे, सभी बुकिंग रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले, जिसमें 26 पर्यटकों की जान गई, के बाद से मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रायपुर से जाने वाले यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। अधिकतर यात्रियों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी है, जिससे दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस में वेटिंग लिस्ट भी सामान्य हो गई है। शहर की विभिन्न ट्रैवल एजेंसियों से बातचीत में पता चला कि घटना के बाद कश्मीर घूमने गए सभी यात्री अब रायपुर लौटना चाहते हैं। हालांकि, वर्तमान में जम्मू तवी से वापसी की ट्रेनों में भीड़ और वेटिंग के कारण यात्री सीधे दिल्ली की ओर रुख कर रहे हैं।

रेलवे की ओर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा से ▶▶|शेष पेज 12 पर

## आतंकी हमले का असर, जाने वाले नहीं अब लौटने वालों की भीड़

- जम्मू से दिल्ली लौटने के लिए यात्रियों की भीड़, ट्रेनों में 100 से अधिक वेटिंग
- वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन में आई भारी गिरावट



### कश्मीर से लौटना चाह रहे यात्रियों की भीड़, 8 ट्रेनों में वेटिंग 100 के पार


जम्मूतवी से दिल्ली लौटने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। 8 प्रमुख ट्रेनों में वेटिंग 100 से ऊपर पहुंच गई है, जबकि 4 ट्रेनों में वेटिंग 140 तक हो चुकी है। कश्मीर से लौटने की होड़ के चलते रायपुर के यात्री भी कंफर्म टिकट के लिए ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क कर रहे हैं। सामान्य दिनों में जहां रायपुर से जम्मूतवी की ट्रेनों में लंबी वेटिंग होती थी, वहीं अब यह घटकर 40 के आसपास रह गई है।

छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### नाबालिग सहित तीन वाहन चोर गिरफ्तार

रायपुर। मौदहापारा पुलिस ने नाबालिग सहित तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। मेकाहारा अस्पताल के बाहर से वाहन चोरी के मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच करते हुए

आरोपी शेख अहमद, शेख असलम एवं एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। तीनों चूनाभट्ठी डबरापारा गंज के निवासी हैं। पुलिस ने तीनों के कब्जे से चोरी की पल्सर बाइक एवं एक्टिवा बरामद की है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### सूने मकान में धावा दो गिरफ्तार

रायपुर। आयोध्या नगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपियों को डीडीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी धनेश साहू ने दर्ज कराई थी। उसका पूरा परिवार 11 अप्रैल को दिल्ली गया हुआ था। वापस लौटे तो उसके घर के दरवाजे पर लगा ताला तथा कमरे की आलमारी का लॉकर भी टूटा मिला। चोर आलमारी से सोने एवं चांदी के जेवरात व नकदी रकम चोरी कर ले गए थे। पुलिस इस मामले में धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को तलाश कर रही थी। इस बीच पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना पर अयोध्या नगर चंगोराभाठा निवासी राजा देवांगन को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर उसने जुर्म कबूल किया। इसके बाद उसके निशानदेही पर उसके अन्य साथी लल्ला यादव उर्फ सोमनाथ निवासी हनुमान मंदिर के पास आयोध्या नगर को भी गिरफ्तार किया।

कारोबारी के अंतिम संस्कार में मंत्री, नेता, कारोबारी, आम जनता...सब हुए शामिल

# गम और गुस्से की यात्रा में शहर चला साथ, शोक में डूबे परिजनों के आंसू पोछने बढ़े हजारों हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आतंकी हमला में मारे गए दिनेश मिरानिया की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। लोग दिनेश मिरानिया अमर रहे के नारे लगाते हुए मारवाड़ी मुक्तिधाम पहुंचे। कारोबारी की अंतिम यात्रा निकाली जा रही थी, इस दौरान पड़ोस के रहवासी अपने घर की छतों से दिनेश की अंतिम यात्रा देखने के साथ उन्हें श्रद्धांजलि देते दिखे। अंतिम यात्रा के दौरान महिलाओं की आंखें नम थीं। मृतक कारोबारी ओडिशा मूल का था। इस वजह से ओडिशा के डिप्टी सीएम कनक वर्धन सिंहदेव तथा सांसद संगीत देव ने कारोबारी की पत्नी, बेटे तथा परिजनों से फोन पर बात कर उन्हें सांत्वना देने के साथ इस दुःख की घड़ी में साथ होने का आश्वासन दिया।

मृतक कारोबारी का अंतिम संस्कार करने निर्धारित समय नौ बजे घर से निकलने का था। इसके पूर्व तड़के छह बजे से मृतक कारोबारी के घर लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मृतक के घर पहुंचने वालों में उनके परिजनों के साथ आस-पड़ोस में रहने वाले लोग थे। अंतिम यात्रा के दौरान लोगों की आंखें नम थीं। इसके साथ ही चेहरे पर पाकिस्तान के प्रति गुस्सा दिखा। गुस्सा जाहिर करने अंतिम यात्रा में शामिल लोग पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। साथ ही केंद्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते दिखे।

### अंतिम यात्रा के दौरान गमगीन हुआ माहैल

कारोबारी के शव को अंतिम यात्रा के लिए ले जाया जा रहा था, इस दौरान दिनेश की बेटी, बेटा तथा उनकी पत्नी बुरी तरह से बिलखते रहे। मौके पर उपस्थित मृतक के परिजन मृतक की पत्नी, बेटे तथा उनकी बेटी को शव से अलग करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। किसी तरह मृतक की पत्नी तथा बेटी को शव से अलग कर अंतिम यात्रा निकाली गई।

### मूल रूप से बलांगीर के रहने वाले

आतंकी घटना के शिकार हुए कारोबारी दिनेश मूल रूप से ओडिशा, बलांगीर के रहने वाले थे। व्यापारिक कारणों से कुछ वर्ष पूर्व दिनेश ओडिशा से रायपुर आकर बस गए। दिनेश का कारोबारी के साथ पारिवारिक संबंध आज भी ओडिशा से है। कारोबारी के ओडिशा मूल के होने की वजह से ओडिशा के डिप्टी सीएम कनक वर्धन सिंहदेव तथा बलांगीर सांसद संगीत देव ने मृतक की पत्नी से फोन पर बात कर सांत्वना देने के साथ ढाढ़स बंधाया।

### गुस्सा जाहिर करने लोगों ने तात्यापारा की सड़क पर पाक के झंडे लगाकर थूका









### बेटे ने दी मुखाग्नि




### छोड़कर चले गए, अब कैसे कटेगी जिंदगी

*पति के अंतिम दर्शन करने गई दिनेश की पत्नी नेहा अपने पति के कहे गए संदेश को याद कर फफक कर रो पड़ी। पत्नी ने रोते हुए कहा कि आप तो कहते थे, जिंदगी है मजे से जिओ, आप बगैर बताए हमें छोड़कर चले गए। ऐसे में आपके बगैर जिंदगी कैसे कटेगी। इस दौरान मौके पर उपस्थित परिजन भी फफक कर रोते दिखे।*



### सुरक्षा चूक दूर करने की मांग

मृतक की पत्नी ने दुःख की घड़ी में लोगों के साथ खड़े होने पर आभार व्यक्त करते हुए ओडिशा के डिप्टी सीएम का सूरक्षा चूक पर ध्यान आकृष्ट किया। दिनेश की पत्नी ने ओडिशा के डिप्टी सीएम के माध्यम से केंद्र सरकार से सुरक्षा चूक दूर करने की मांग की। दिनेश की पत्नी ने ओडिशा के डिप्टी सीएम से फोन पर बात करते हुए कहा सुरक्षा की कमी दूर होने से आने वाले समय में किसी अन्य का परिवार बिखरने से बच जाएगा। इस पर डिप्टी सीएम सिंह देव ने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार इस दिशा में गंभीरता से काम कर रही है और प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के नेतृत्व में भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। डिप्टी सीएम ने परिजनों को जल्द ही रायपुर आकर मिलने का आश्वासन दिया।

# भाजपा नेता की हत्या एनआईए ने कांग्रेस नेता को रायपुर से किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर नारायणपुर में दो वर्ष पूर्व वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव के तीन दिन पूर्व भाजपा नेता, जिला पंचायत सदस्य रतन दुबे की हत्या मामले की जांच कर रही एनआईए की टीम ने युवा कांग्रेस के महासचिव को रायपुर से गिरफ्तार किया है। कांग्रेस नेता की गिरफ्तारी के बाद एनआईए की टीम जगदलपुर एनआईए कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने रिमांड हासिल कर सकती है। ▶▶|शेष पेज 12 पर



### नक्सलियों ने यह लिखा था पर्चा में

नक्सलियों ने पर्चा में लिखा था, केदार कश्यप के साथ मिलकर रतन दुबे भाजपा और आरएसएस से आदिवासियों को जोड़ रहा था। पुलिस के लिए सामान सप्लाई, जनता के पैसों का गबन, धर्मांतरण के नाम पर आदिवासियों पर हमले करवाना और पुलिस के लिए मुखबिरी करने का काम करता था।

## उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों को प्रेषित किया शैक्षणिक कैलेंडर

*अभी तक विश्वविद्यालय अपने स्तर पर निर्धारित करते रहे हैं शेड्यूल*

# पहली बार पीएचडी के लिए अकादमिक कैलेंडर प्रवेश परीक्षा अगस्त में, नंवबर से कोर्स वर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पीएचडी के लिए अकादमिक कैलेंडर जारी किया गया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब विभाग द्वारा पीएचडी के लिए भी तिथियां निर्धारित की गई हैं। अब तक विश्वविद्यालय अपने स्तर पर पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन से लेकर कोर्स वर्क प्रारंभ करने तक की तिथि निर्धारित करते थे, लेकिन अब उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इसका भी निर्धारण कर दिया गया है। तय की गई तिथियों में ही विश्वविद्यालयों ▶▶|शेष पेज 12 पर



**20 मई से परीक्षाएं :** द्वितीय सेमेस्टर के लिए जारी कैलेंडर के अनुसार, सेमेस्टर परीक्षाएं 20 मई से 20 जून के मध्य आयोजित करानी होगी। इसके पूर्व प्रायोगिक परीक्षाएं 6 से 15 मई तक ली जाएंगी। 15 मई तक विभिन्न चरणों में महाविद्यालयों को आंतरिक मूल्यांकन पूर्ण करना होगा। जुलाई माह से तृतीय सेमेस्टर की कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। ऐसे में पूर्व की भांति विद्यार्थियों को लंबी ग्रीष्मकालीन छुट्टियां नहीं मिल पाएंगी।

### पिछड़ गए हैं विश्वविद्यालय

प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में आधी-अधूरी तैयारियों के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है और इसका सीधा असर छात्रों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। गुरुवार को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दूसरे सेमेस्टर के लिए शैक्षणिक कैलेंडर सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव को प्रेषित किया गया। विश्वविद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस शैक्षणिक कैलेंडर का कड़ाई के साथ पालन करें। कई विश्वविद्यालय शैक्षणिक कैलेंडर में पिछड़ चुके हैं। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं जनवरी माह में आयोजित की जा चुकी है। द्वितीय सेमेस्टर में विलंब होने की स्थिति में जून-जुलाई से प्रारंभ होने वाली कक्षाएं प्रभावित होंगी, इसलिए विश्वविद्यालयों से कहा गया है कि वे इसे ध्यान में रखते हुए अध्ययन-अध्यापन कराएं।

आवश्यकता है
रात्रिकालिन अखबार की गिनती पैकिंग एवं बंडल लोडिंग के लिये युवकों की आवश्यकता है।
आधार कार्ड, बैंक पासबुक होना अनिवार्य है।
12वीं से स्नातक तक
उम्र 21 से 30 वर्ष तक
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, रायपुर
संपर्क - 9827555678

## खबर संक्षेप

### काउंसिलिंग के बीच पक्षों में गाली-गलौज, मारपीट

**रायपुर।** पारिवारिक विवाद सुलझाने आए दो पक्षों ने कोतवाली थाने में एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, महिला थाना के पास पारिवारिक सुलझाने आई रचना देवांगन ने अपने पति डोगेंद्र तथा विजय देवांगन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। डोगेंद्र ने रचना के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### 987 किलो गांजा जलाकर किया नष्ट

**रायपुर।** एनडीपीएस एक्ट के तहत 47 मामलों में जब्त 987.453 किला गांजा बुधवार सिलतरा स्थित औद्योगिक प्लांट में जलाया गया है। गांजा नष्टीकरण की कार्रवाई पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, एएसपी कीर्तन राठौर, उपायुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा तथा सदस्यों की उपस्थिति में की गई।

### अनाज, दलहन तिलहन बीजों की विक्रय दर निर्धारित

**रायपुर।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम के निर्देश पर राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा खरीफ वर्ष 2025 के लिए अनाज, दलहन एवं तिलहन, आधार-प्रमाणित बीजों के विक्रय दर का निर्धारण किया गया है। गौरतलब है कि राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति की बैठक 11 अप्रैल को आयोजित की गई थी। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रावधान अनुसार उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि को घटाकर बीज विक्रय दर निर्धारित किया गया है। राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अधिकारियों ने बताया कि आधार बीजों की विक्रय दरें प्रमाणित बीजों की विक्रय दरों से प्रति क्विंटल 100 रूपए अधिक होगी। कृषि विभाग द्वारा उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि प्रावधान अनुसार छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड को देय होगी।

### ग्रीन आर्मी के स्थापना दिवस पर प्रकृति संरक्षण का संकल्प

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी ने स्थापना दिवस पर प्रकृति संरक्षण के प्रति अपने अटूट संकल्प को दोहराया और पिछले आठ वर्षों की अपनी गौरवशाली यात्रा का स्मरण किया। जाने-माने उद्यमी राजेश अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने संस्था के कामकाज के बारे में बताते हुए गजराज बांध, महाराजबंद और अन्य तालाबों की वर्तमान दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने देवपुरी जोन और डीडीनगर जोन द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोहन वल्र्यानी, पीके साहू, आशीष शर्मा, मोनिका बागरेचा, भारती श्रीवास्तव, विनीत शर्मा और रविंद्र सिंग सहित कई सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### दैवेभो उद्यानिकी कर्मी मजदूर दिवस पर देंगे धरना, घेरने निकलेंगे सीएम निवास

**रायपुर।** प्रदेश के शासकीय उद्यानिकी विभाग के अधीनस्थ सभी जिलों के कार्यालयों में काम करने वाले दैनिक वेतन भोगी वर्षों से सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का दायित्व निभा रहे हैं। फिर भी दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को नियमित कर्मचारियों के वेतन का आधा वेतन भी नहीं मिलता। श्रम अधिनियम के तहत शासकीय अवकाश का लाभ नहीं दिया जाता। इससे कर्मचारियों में आक्रोष पनपने लगा है।
मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में गुरुवार को पत्रकार वार्ता में छत्तीसगढ़ प्रदेश उद्यानिकी दैनिक वेतन भोगी श्रमिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चितरंजन दास, प्रदेश महामंत्री विजय पटेल और कृष्णा साहू ने चर्चा की। इसमें बताया कि अधिकार की बात करने पर दैवेभो कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के लिए धमकी मिलती है। करीब दो साल पहले जब कांग्रेस की सरकार थी, तब भाजपा के प्रतिनिधियों ने धरना स्थल पर दैवेभो का समर्थन करते हुए मांगों को जायज ठहराते हुए सत्ता में आने पर नियमित करने का भरोसा दिलाया, अब सत्ता में आते ही भूल गए।

**समस्या : नदी के किनारे बसा 2 हजार की आबादी वाला गांव प्यास बुझाने के लिए भटकने को मजबूर**

# खारुन नदी का पानी उद्योगों को तो मिल रहा, मुरेठी गांव बूंद-बूंद के लिए तरस रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा व उद्योग नगर सिलतरा से महज 05 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत मुरेठी, जहां कभी खारुन नदी की निर्मल धारा अपनी कलकल ध्वनि से जीवन का संचार करती थी, आज पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहा है। यह वही मुरेठी है, जहां खारुन नदी पर बने तीन अलग-अलग एनीकट आसपास के उद्योगों की प्यास बुझा रहे हैं, उनके संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विडंबना यह है कि जिस नदी के पानी से उद्योग फल-फूल रहे हैं, उसी नदी के किनारे बसा 2000 की आबादी वाला यह गांव आज अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकने को मजबूर है। बता दे कि कभी मुरेठी की जीवनदायिनी रही खारुन नदी अब जलकुंभी के साम्राज्य तले कराह रही है। नदी के बड़े हिस्से पर इस खरपतवार ने कब्जा कर लिया है, पानी की सतह को ढक दिया है, और जलीय जीवन को संकट में डाल दिया है। जो थोड़ा बहुत पानी बचा है, वह भी प्रदूषित है, पीने योग्य तो दूर, दैनिक उपयोग के लायक भी नहीं रह गया है। ग्राम पंचायत कि महिला सरपंच रूखमणी उमेश निषाद ने बताया कि गांव में पानी का एकमात्र स्त्रोत एक तालाब है, लेकिन वह भी प्रदूषण की मार झेल रहा है। उद्योगों से निकलने वाले कचरे और गांव के अन्य प्रदूषकों ने इस तालाब के पानी को भी दूषित कर दिया है। ऐसे में, दो हजार की आबादी वाला यह गांव, जो कभी खारुन नदी के किनारे आबाद था, आज अपनी प्यास बुझाने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को विवश है।

### उद्योगों की बेरुखी

यह स्थिति उद्योगों की उस बेरुखी और गैर-जिम्मेदारी का जीता-जागता प्रमाण है, जो अपने लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करते हैं और स्थानीय समुदायों के हितों को ताक पर रख देते हैं। मुरेठी के ग्रामीणों को आज उस 'विकास' की कीमत चुकानी पड़ रही है, जिसमें उनकी मूलभूत आवश्यकता - पानी - को भी छीन लिया गया है। यह केवल मुरेठी गांव की कहानी नहीं है, बल्कि यह विकास के उस मॉडल पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न है, जो पर्यावरण और स्थानीय समुदायों की कीमत पर औद्योगिक प्रगति को प्राथमिकता देता है। यह सोचने का विषय है कि क्या ऐसा विकास वास्तव में टिकाऊ है, जो एक तरफ उद्योगों को समृद्ध करता है और दूसरी तरफ गांवों को प्यासा छोड़ देता है। मुरेठी के ग्रामीणों की पीड़ा को समझना और उनकी समस्या का समाधान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह आवश्यक है कि सरकार और उद्योग मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं। उद्योगों को अपनी जल प्रबंधन नीतियों में बदलाव लाना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके संचालन से स्थानीय समुदायों के जल स्रोतों पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े। वहीं, सरकार को भी जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए सख्त नियम बनाने और उनका प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।



### सरकार का जल जीवन मिशन भी दम तोड़ रहा

हरिभूमि की अपनी पड़ताल में देखा जंहा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'जल जीवन मिशन', जिसका उद्देश्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना है, खारुन तट के गांवों के लिए एक मृगतृष्णा साबित हुई है। इस मिशन के तहत भी इन गांवों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। भीषण गर्मी के इस मौसम में, जब पानी की आवश्यकता चरम पर है, खारुन के किनारे बसे गांव बूंद-बूंद पानी के लिए मोहताज हैं। आज मुरेठी गांव पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष कर रहा है। यह देखना होगा कि कब उनकी आवाज सुनी जाती है और कब उन्हें उनकी जीवनदायिनी नदी का स्वच्छ पानी वापस मिलता है। यह केवल मुरेठी के ग्रामीणों की ही नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक मानवता की परीक्षा है।

## राधा कृष्ण स्कूल के छात्रों का भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में राधा कृष्ण विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा चौथी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान विद्यालय की कक्षा नवमीं की छात्रा ज्योति कौशल ने प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर उन्हें 700 रुपए नगद पुरस्कार, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया एवं कक्षा दसवीं की छात्रा चंचल साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर उन्हें 400 रुपए का नगद पुरस्कार, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी क्रम में विकासखंड स्तर पर इस परीक्षा में हमारे विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा शिवानी तंबोली ने द्वितीय स्थान और कक्षा नवमीं की छात्रा वंदना साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इस उपलब्धि पर उन्हें मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य निशा श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हम बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं एवं आशा करते हैं कि हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राएं निरंतर ऐसे ही जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय स्तर पर आयोजित परीक्षा में भाग लेकर विद्यालय, माता पिता और नगर का नाम रोशन करेंगे।

### सिंधु संस्कार महिला विंग का 30 को शरबत वितरण

**रायपुर।** सिंधु संस्कार सेवा समिति महिला विंग ने 30 अप्रैल को अखंड तीज के दिन कटोरा तालाब स्थित संत कंवरराम धर्मशाला के सामने शरबत वितरण का आयोजन किया है। संस्था के सभी सदस्यों को इसमें सहयोग करने के साथ जिम्मेदारी भी दी गई है।

## खमतराई स्कूल के परीक्षा परिणाम जारी कक्षा 6वीं में काव्या व 7वीं में हीना प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गुरुवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खमतराई में स्थानीय परीक्षा कक्षा छठवीं एवं सातवीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर विद्यार्थियों को रिजल्ट प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रवि शर्मा ने कहा कि परीक्षा शिक्षा प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है एवं इससे अपने प्रदर्शन की जानकारी के साथ-साथ ज्ञान कौशल और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सफल होने पर बधाई दी। वहीं प्रधान पाठक हरीश दीवान ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज हर क्षेत्र में अत्यधिक प्रतिस्पर्धा है, अतः अभी से सभी तैयार हो जावे, रिजल्ट में प्राप्त परिणाम एवं ग्रेड हमें आगे अपने पढ़ाई में सुधार करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा की कक्षा छठवीं सभी 38 विद्यार्थी एवं कक्षा सातवीं में सभी 32 विद्यार्थी सफल पास हुए है। इस अवसर पर शिक्षक तारकेश्वर डड़सेना, पुनेश्वर साहू, हेमा बंजारे ने परिणाम की घोषणा की, जिसमें कक्षा सातवीं में प्रथम हिना यादव, द्वितीय इंदु साहू, तृतीय प्रतीक्षा यादव, चतुर्थ मीनाक्षी साहू एवं भूमिका लोधी पांचवें स्थान पर रही। जबकि कक्षा छठवीं में काव्या सेन प्रथम, द्वितीय स्थान पर मीरा साहू, हिना साहू, मोनिशा साहू एवं हरेश्वरी लोधी, ख्याति साहू, रितिक साहू तृतीय स्थान पर रहे। सभी शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को बधाई दी।



## निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम का मंत्री वर्मा ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

नेवरा दशहरा मैदान में लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। आज शाम मंत्री टंकराम वर्मा अचानक नेवरा पहुंचे। निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम का जायजा लिए साथ ही अधिकारियों को निर्देश भी दिए। ज्ञात रहे, मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयास से यह सौगात नगरवासियों को मिली है।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला डॉ खुमान वर्मा, सभापति रानी सौरभ जैन, विजय ठाकुर, गौरव अग्रवाल, नायब तहसीलदार विपिन पटेल, पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर के के साहू आदि उपस्थित थे।

## नगर में गहराई पेयजल समस्या नपा पार्षदों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में हो रही पेयजल समस्या को लेकर

- एसडीएम व सीएमओ को बताया, कई वार्डों में नहीं पहुंच रहा पानी
- सूचना के बाद भी समस्या का नहीं हो रहा निदान



पार्षदों द्वारा नगर पालिका के सामने एक दिवसीय धरना देकर एसडीएम एवं सीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया। पार्षदों ने मोर्चा खोलते हुए कहा कि सूचना के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड नंबर 11 जैसे वार्ड में भी पानी बिल्कुल नहीं पहुंच रहा है। इसी तरह 6, 12 व 13 में भी पानी की समस्या बनी हुई है। इस संबंध में पार्षदों ने बताया कि निस्तारी पानी को लेकर व्यवस्था सुधारने के लिए मौखिक चर्चा कर लिखित सूचना भी दी गई है, क्योंकि समस्या ज्यो की त्यो बनी हुई है। पार्षदों का आरोप है कि नगर में कई जगहों पर मेन पाइप लाइन से कनेक्शन दिए गए हैं। अधिकांश स्थानों में अवैध नल कनेक्शन लगे हैं जिसकी वजह से पानी की सप्लाई बाधित हो रही है।

### टैंकरों से कर रहे पानी की सप्लाई

इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों के मोटर पंप खराब हो गये थे, जिसे सुधार के लिए भेजा गया था। वहां पर समय से पानी नहीं मिल पाया। पानी की समस्या को देखते हुए नया मोटर पंप खरीदी कर व्यवस्था को दुरूस्त किया जा रहा है। जहां जल स्त्रोत कम है वहा टैंकरों से पीने के पानी की सप्लाई की जा रही है।

### धरने में ये हुए शामिल

नगरपालिका के सामने हुए धरने में नीलकमल गिलहरे, वीरेन्द्र सिन्हा, डोमेन्द्र साहू, बीरबल टंडन, पार्षद प्रतिनिधि हिम्मत सरदार, सुनील चन्द्रकार,मुन्ना बांधे आदि लोग शामिल रहे।

## पेज 09 के शेष

### अमरनाथ व वैष्णो देवी...

एक अन्य विशेष ट्रेन बृहस्पतिवार को चलाई जा रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में भोजन व पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। हेल्प डेस्क से यात्रियों को सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता अनुसार और विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस आतंकी हमले ने कश्मीर में पर्यटन पर गहरा प्रभाव डाला है। पहलगाम क्षेत्र में हुए इस हमले के बाद पर्यटकों में भय का माहौल है, जिससे यात्रा योजनाओं में बदलाव देखा जा रहा है।

### भाजपा नेता की...

एनआईए ने नारायणपुर जिला युवक कांग्रेस के महासचिव शिवानंद नाग को मौदहापारा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। भाजपा नेता की हत्या के बाद शिवानंद फरार हो गया था, जिसकी एनआईए तलाश कर रही थी। भापजा नेता की हत्या के बाद नक्सलियों ने पर्चा जारी किया था। पर्चा में रतन दुबे पर धर्मांतरण के मुद्दे पर आदिवासियों को आपस में लड़वाने का आरोप लगाया गया था। इसके अलावा आमदाई खदान का समर्थन और सुरक्षाबलों का कैंप बैठाने में सहयोग करने का नक्सलियों ने रतन पर आरोप लगाया था। इसीलिए पीएलजीए ने उसे मौत की सजा भी सुनाई थी।

### पहली बार पीएचडी के...

को संपूर्ण गतिविधियां संचालित करनी होगी। जारी किए गए शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, पीएचडी पाठ्यक्रम के लिए अधिसूचना 31 जुलाई तक विश्वविद्यालयों को जारी करनी होगी। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 14 अगस्त तक करना होगा। प्रवेश परीक्षा के परिणामों की घोषणा अगस्त अंत तक विवि कर सकेंगे। विभागीय शोध समिति की बैठक 30 सितंबर तक होगी। छात्रों को पीएचडी पाठ्यक्रम में दाखिले 30 अक्टूबर तक दिए जाएंगे। पीएचडी कोर्सवर्क का अध्यापन कार्य नवंबर से शुरू किया जाएगा, जो मार्च माह तक चलेगा। कोर्सवर्क की परीक्षा का आयोजन 15 मई से 30 मई तक होगा। परिणाम 30 जून तक जारी किए जाएंगे।

## स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के लिए जोन का डेटा तैयार करेगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वच्छता रैंकिंग में सुधार करने के लिए नगर निगम अब दस जोन का डेटा तैयार करेगा। इसी संबंध में जोन प्रोफाइलिंग के लिए नगर निगम के जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षित करने गुरुवार को कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें डेटा के आधार पर जोनवार स्वच्छता सुधार को लेकर चर्चा हुई।

नगर निगम के 10 जोन के स्वास्थ्य अधिकारी गुरुवार को निगम मुख्यालय के सभा कक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। इसमें स्वच्छ भारत मिशन के नॉलेज पार्टनर रीजनल सेंटर फॉर अर्बन एंड एन्वायरनमेंट स्टडी ने जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर सफाई मित्रों को भारत सरकार की नमस्ते योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने ऑनलाइन प्रोफाइलिंग कैंप आयोजन को लेकर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में आरसीयूईएस के कंसलटेंट मिलिंद अडबे ने अधिकारियों को जोन की प्रोफाइलिंग सर्वे के लिए प्राइमरी डेटा जुटाने से संबंधित जानकारी दी

। इस डेटा कलेक्शन में जोन से संबंधित विस्तृत जानकारी, संसाधनों की आवश्यकता, उपलब्ध साधन और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी जानकारी एकत्रित की जाएगी। इस डेटा के आधार पर जोनवार स्वच्छता के लिए सुधार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। विदित हो कि आरसीयूईएस ने प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या और बनारस जैसे शहरों के लिए भी इस तरह की योजना बनाने के लिए काम किया है।

## तामासिवनी व मोखला में 70 लोगों ने कराया नेत्र परीक्षण



**आरंग।** ग्राम तामासिवनी और मोखला में पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के संयोजन में गुरुवार को एमजीएम अस्पताल रायपुर द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 70 लोगों ने नेत्र जांच कराई। जिसमें 27 जरुरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। वहीं 15 मोतियाबिंद के मरीजों को उपचार के लिए चिन्हित कर एमजीएम अस्पताल रायपुर ले जाया गया। शिविर के आयोजन संयोजन में तमासिवनी सरपंच श्याम साहू, उपसरपंच दिलेंद्र डहरिया, समस्त पंचगण, मोखला सरपंच सरस्वती चंद्राकर, पंचगण, पीपला फाउंडेशन से महेन्द्र कुमार पटेल, एमजीएम अस्पताल से कोआर्डिनेटर रमेश कुलदीप, मेडिकल स्टाफ गायत्री टंडन, नंदनी और चमन निषाद की अहम भूमिका रही।

**सुशासन तिहार का दूसरा चरण शुरू**

# पालिका में आए आवेदनों का किया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेशवासियों के लिए संवाद से समाधान की पहल की है। तीन चरणों में आयोजित सुशासन तिहार का दूसरा चरण शुरू हो चुका है। इसमें लोगों से मिले आवेदनों का मिशन मोड में निराकरण किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि यह सरकार की पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसहभागिता को प्रोत्साहित करने की सार्थक पहल है। यह न केवल सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह नागरिकों और सरकार के बीच विश्वास की मजबूत नींव भी रखता है। सुशासन तिहार में डिजिटल तकनीकों का उपयोग नागरिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरल, त्वरित और प्रभावशाली बना रहा है। इसी तारतम्य में नगर पालिका परिषद आरंग में सुशासन तिहार में आये राशन कार्ड संबंधित आये आवेदनो की अतिशीघ्र निराकरण किया गया व कार्ड संबंधित लोगों को डॉ. संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा राशन कार्ड वितरित किया गया। साथ ही जनपद पंचायत आरंग के अध्यक्ष प्रतिनिधि मुरली साहू को उनके पुत्री दाक्षि साहू का जन्म प्रमाण पत्र बना कर प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका आरंग के उपाध्यक्ष हिरामन कोसले एवं पार्षद नरेन्द्र लोधी, संतोष लोधी, पार्षद प्रतिनिधि राकेश सोनकर, विक्रम परमार, खिलेश धुरंधर सहित स्टाफ उपस्थित थे।

## दुकान के बाजू में अवैध शराब बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री करते एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कुंदरू निवासी पंचराम यदु उम्र 65 वर्ष लीला चौक पास अपनी दुकान के बाजू में खुला झोपड़ी में अवैध रूप से बिक्री करने देशी मसाला शराब रखा हुआ है। साथ आने वालों को शराब की बिक्री भी कर रहा है। सूचना पर रेड कार्रवाई कर आरोपी के कब्जे से 31 पौवा देशी मसाला शराब बरामद किया गया। आरोपी को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के निर्देशन में प्रधान आरक्षक राजेश सिकरवार तथा पेट्रोलिंग स्टाफ द्वारा की गई।

# पहलगाम हमला- श्रद्धांजलि सभा में जुटे सिंहदेव सहित कई नेता




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में गुरुवार को एक श्रद्धांजलि सभा में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को याद किया गया। रायपुर नगर निगम के वाइट हाउस के सामने शाम 6:30 बजे आयोजित इस सभा में सैकड़ों लोग एकत्रित हुए और आतंकवाद के खिलाफ अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने न केवल शहीदों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग भी की।

इस श्रद्धांजलि समारोह में प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, शारिक रईस खान, पूर्व चेयरमैन अल्पसंख्यक कांग्रेस, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व पार्षद कामरान अंसारी,मो. सिद्दिकी ,सुरेश मसीह, सूफी साहब ,मनीष दयाल ,रवि थॉमस,श्रीमती दीपा बग्गा, मो समीर खान शामिल थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए सरकार से सीमा पार आतंकवाद को कुचलने के लिए निर्णायक कदम उठाने की अपील की जिसमें पूरा देश आज एक साथ आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है सभा में उपस्थित लोगों ने कैंडल जलाकर और दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

### अकबर ने हमले की कड़ी निंदा

पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा की है। उन्होंने एक बयान में कहा है यह हमला पूरी तरह अमानवीय है। निर्दोष पर्यटकों की जान लेने वाली आंतकी मानवता के खिलाफ काम कर रहे हैं। भारत सरकार इन्हें और इनके आकाओं को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए।

## कैंडल जलाकर निकाली शोकयात्रा

राजधानी में गुरुवार को हिमालय परिवार और शहीद पंकज विक्रम वार्ड के पार्षद स्वप्निल मिश्रा सहित वार्ड वासियों ने पहलगाम घटना के विरोध में कैंडल जलाकर शोकयात्रा निकाली। पचपेड़ी नाका से टैगोरनगर चौक तक निकाली गई शोकयात्रा के बाद दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। घटना के विरोध में रायपुर दक्षिण क्षेत्र के पचपेड़ी नाका चौक में जिहादियों का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। कैंडल मार्च के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हिमालय परिवार के प्रांत प्रमुख साकेत मिश्रा, शहीद पंकज विक्रम वार्ड पार्षद स्वप्निल



मिश्रा, संदीप वर्मा, दिनकर पवार, राजेश जैन, रमेश पारख, कांतिलाल जैन, देवेंद सोनी, मनीश चंदेलकर, दिलीप राखेचा, रंजना महावर, शुभांगी आप्टे, लक्ष्मी यादव, राजेश ठाकुर, शैलेंद्र सिंह चौहान, शैलेंद्र सिंह सोमवंशी, अर्जुन टंडन, राजेंद्र पांडे, प्रमोद देशपांडे, कांतिलाल जैन सहित वार्डवासी शामिल रहे।

## विप्र चैंबर ने आतंकवादी घटना पर जताया रोष

विप्र चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, विप्र फाउंडेशन छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ पारीक समाज, गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था ने संयुक्त रूप से पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। भारत माता चौक पर सभी संगठनों के सदस्यों ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इसके साथ सदस्यों ने काले कपड़े पहनकर आतंकवादी घटनाओं पर विरोध जताया। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से प्रहलाद मिश्र, मुकेश पारीक, महेश शर्मा, नरेश शर्मा, राजाबाबू सारस्वत, नवल तिवारी, अभिषेक शर्मा, योगेंद्र भारद्वाज समेत बड़ी संख्या में सभी संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे ।



## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने निकाली सद्भावना रैली




जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के निकट हुए आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने सद्भावना रैली निकाली। यह रैली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला के अध्यक्ष अब्दुल नासिर खान के नेतृत्व में निकली। साथ ही काली पट्टी बांधकर काले गुब्बारे छोड़े गए और 2 मिनट का मौन रखकर घटना में काल कवलिए हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रैली में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिर्जा एजाज बेग, मख्मूर खान, रेहाना खान, मिर्जा साजिद पठान, इमरान अशरफी, मोज्जम मेमन, आमिर बेग आदि शामिल थे।

## शिवसेना ने दिवंगत दिनेश को नम आंखों से दी विदाई

शिवसेना के कार्यकारी अध्यक्ष मधुकर पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला और सैकड़ों शिवसैनिको ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में जान गंवाने वाले रायपुर निवासी स्व. दिनेश मिरानिया के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और कंधा देकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी दौरान संतोष शुक्ला ने कहा कि शिवसैनिक आतंकवादियों के खिलाफ हर मुहिम में मोदी सरकार के साथ हैं। पाकिस्तान के इशारे पर "धर्म" पूछकर हिंसा करने वाला हर आतंकी मानवता का दुश्मन है। आज देश चाहता है कि इस मानसिकता का खात्मा हो और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह इस आतंक के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करें।

## खबर संक्षेप

### सिंधु संस्कार महिला विंग का 30 को शरबत वितरण

रायपुर। सिंधु संस्कार सेवा समिति महिला विंग ने 30 अप्रैल को अखंड तीज के दिन कटोरा तालाब स्थित संत कंवरराम धर्मशाला के सामने शरबत वितरण का आयोजन किया है। संस्था के सभी सदस्यों को इसमें सहयोग करने के साथ जिम्मेदारी भी दी गई है।

### काउंसिलिंग के बीच पक्षों में गाली-गलौज, मारपीट

रायपुर। पारिवारिक विवाद सुलझाने आए दो पक्षों ने कोतवाली थाने में एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, महिला थाना के पास पारिवारिक सुलझाने आई रचना देवांगन ने अपने पति डोगेंद्र तथा विजय देवांगन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। डोगेंद्र ने रचना के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### 987 किलो गांजा जलाकर किया नष्ट



रायपुर। एनडीपीएस एक्ट के तहत 47 मामलों में जब्त 987.453 किला गांजा बुधवार सिलतरा स्थित औद्योगिक प्लांट में जलाया गया है। गांजा नष्टीकरण की कार्रवाई पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, एएसपी कीर्तन राठौर, उपायुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा तथा सदस्यों की उपस्थिति में की गई।

## स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के लिए जोन का डेटा तैयार करेगा निगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वच्छता रैंकिंग में सुधार करने के लिए नगर निगम अब दस जोन का डेटा तैयार करेगा। इसी संबंध में जोन प्रोफाइलिंग के लिए नगर निगम के जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षित करने गुरुवार को कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें डेटा के आधार पर जोनवार स्वच्छता सुधार को लेकर चर्चा हुई।

नगर निगम के 10 जोन के स्वास्थ्य अधिकारी गुरुवार को निगम मुख्यालय के सभा कक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। इसमें स्वच्छ भारत मिशन के नॉलेज पार्टनर रीजनल सेंटर फॉर अर्बन एंड एन्वायरनमेंट स्टडी ने जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर सफाई मित्रों को भारत सरकार की नमस्ते योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने ऑनलाइन प्रोफाइलिंग कैंप आयोजन को लेकर चर्चा की गई।

■ जोन प्रोफाइलिंग के लिए निगम के जोन अधिकारियों का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में आरसीयूईएस के कंसलटेंट मिलिंद अडबे ने अधिकारियों को जोन की प्रोफाइलिंग सर्वे के लिए प्राइमरी डेटा जुटाने से संबंधित जानकारी दी। इस डेटा कलेक्शन में जोन से संबंधित विस्तृत जानकारी, संसाधनों की आवश्यकता, उपलब्ध साधन और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी जानकारी एकत्रित की जाएगी। इस डेटा के आधार पर जोनवार स्वच्छता के लिए सुधार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। विदित हो कि आरसीयूईएस ने प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या और बनारस जैसे शहरों के लिए भी इस तरह की योजना बनाने के लिए काम किया है। इस अवसर पर निगम के स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रघुमणी प्रधान ने कहा कि जोन की वर्तमान और भविष्य की आवश्यकता अनुसार नई प्रक्रिया और मापदंडों के निर्धारण के लिए यह डेटा कलेक्शन काफी अहम होगा। इसके आधार पर रायपुर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के लिए विभिन्न कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को डेटा कलेक्शन के लिए गूगल अर्थ एप के विभिन्न विकल्पों के इस्तेमाल की सलाह भी दी। स्वच्छ भारत मिशन के सहायक अभियंता योगेश कुमार कडु ने कहा कि जो अधिकारी जितना सटीक और विस्तृत डेटा प्रदान करेंगे, स्वच्छता के लिए उतनी ही प्रभावी और बेहतर कार्ययोजना बनाई जा सकेगी।

### अनाज, दलहन तिलहन बीजों की विक्रय दर निर्धारित

रायपुर। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम के निर्देश पर राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा खरीफ वर्ष 2025 के लिए अनाज, दलहन एवं तिलहन, आधार-प्रमाणित बीजों के विक्रय दर का निर्धारण किया गया है। गौरतलब है कि राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति की बैठक 11 अप्रैल को आयोजित की गई थी। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रावधान अनुसार उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि को घटाकर बीज विक्रय दर निर्धारित किया गया है। राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अधिकारियों ने बताया कि आधार बीजों की विक्रय दरें प्रमाणित बीजों की विक्रय दरों से प्रति क्विंटल 100 रूपए अधिक होगी। कृषि विभाग द्वारा उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि प्रावधान अनुसार छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड को देय होगी।


## बीबीए व बीसीए के विद्यार्थी पढ़ेंगे इंडियन नॉलेज सिस्टम, मानव व्यवहार व संविधान

बीबीए, बीसीए और बीएमएस को अपने दायरे में ले चुका है एआईसीटीई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन काउंसिल ने बीबीए सिलेबस के लिए मॉडल करिकुलम फ्रेमवर्क लॉन्च किया है। यह मॉडल करिकुलम बीबीए, बीबीए ऑनर्स और बीबीए ऑनर्स विद रिसर्च कोर्स के लिए लॉन्च किया गया है।

करिकुलम फ्रेमवर्क तैयार करने के लिए कमेटी में एजूकेशन के अलावा इंडस्ट्रीज के एक्सपर्ट को भी शामिल किया गया है ताकि ऐसा डिटेल सिलेबस तैयार किया जा सके जो छात्रों को इंडस्ट्री की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार कर सकें। एआईसीटीई के मुताबिक, सिलेबस में मैनेजमेंट के बेसिक प्रिंसिपल्स के



■ प्रदेश के महाविद्यालय भी चुका रहे संबद्धता शुल्क, यहां भी लागू होगा नया पाठ्यक्रम

साथ ग्लोबल लेवल पर मैनेजमेंट की बेस्ट प्रैक्टिसेज को शामिल किया गया है। इंडस्ट्री की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों और चुनौतियों के साथ ही स्टूडेंट्स के कम्यूनिकेशन स्किल्स को डेवलप करने के लिए तीन सप्ताह का कंपलसरी इंडक्शन प्रोग्राम भी शामिल किया गया है। एआईसीटीई काउंसिल की कोशिश है कि कोर्स पूरा करने के बाद स्टूडेंट्स ग्लोबल लेवल पर मैनेजमेंट संबंधित चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें।

### 3 और 4 साल का विकल्प

इसके तहत 3 साल यानि 6 सेमेस्टर और 4 साल यानि 8 सेमेस्टर के कोर्स शुरू किया जा रहे हैं। तीन साल के लिए सिलेबस 120 क्रेडिट का और 4 साल के लिए 160 क्रेडिट का होगा। नेशनल एजूकेशन पॉलिसी को ध्यान में रखते हुए कोर्स का स्ट्रक्चर इनोवेटिव रखा गया है। स्टूडेंट्स को 3 साल का प्रोग्राम पूरा करने पर बीबीए और 4 साल का कोर्स पूरा करने पर बीबीए ऑनर्स या बीबीए ऑनर्स विद रिसर्च की डिग्री दी जाएगी। इंडियन नॉलेज सिस्टम, ह्यूमन बिहेवियर एंड ऑर्गेनाइजेशन एंड इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन, इंडस्ट्रियल विजिट व वर्कशॉप और जरूरी इंटर्नशिप को इस मॉडल सिलेबस में विशेष तौर पर शामिल किया गया है।

### छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप

गौरतलब है कि एआईसीटीई ने बीबीए, बीसीए और बीएमएस सिलेबस को अपने दायरे में लिया है और अब इनके लिए कोर्स तैयार कर रहा है। काउंसिल अब तक करीब 4200 संस्थानों को इसके लिए अप्रूवल भी दे चुका है। काउंसिल ने एआईसीटीई द्वारा अप्रूव्ड संस्थानों में बीबीए सिलेबस में एनरोल फीमेल स्टूडेंट्स के लिए एक नई स्कॉलरशिप भी शुरू की है। इसके अलावा काउंसिल ने एआईसीटीई अप्रूव्ड संस्थानों के फैकल्टी मेंबर्स के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम भी शुरू किया है।

## दैवेभो उद्यानिकी कर्मी मजदूर दिवस पर देंगे धरना, घेरने निकलेंगे सीएम निवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के शासकीय उद्यानिकी विभाग के अधीनस्थ सभी जिलों के कार्यालयों में काम करने वाले दैनिक वेतन भोगी वर्षों से सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का दायित्व निभा रहे हैं। फिर भी दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को नियमित कर्मचारियों के वेतन का आधा वेतन भी नहीं मिलता। श्रम अधिनियम के तहत शासकीय अवकाश का लाभ नहीं दिया जाता। इससे कर्मचारियों में आक्रोष पनपने लगा है।

■ श्रमिक संघ ने पत्रकार वार्ता में कहा- सत्ता में आते ही भूल गई सरकार



मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में गुरुवार को पत्रकार वार्ता में छत्तीसगढ़ प्रदेश उद्यानिकी दैनिक वेतन भोगी श्रमिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चितरंजन दास, प्रदेश महामंत्री विजय पटेल और कृष्णा साहू ने चर्चा की। इसमें बताया कि अधिकार की बात करने पर दैवेभो कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के लिए धमकी मिलती है। करीब दो साल पहले जब कांग्रेस की सरकार थी, तब भाजपा के प्रतिनिधियों ने धरना स्थल पर दैवेभो का समर्थन करते हुए मांगों को जायज ठहराते हुए सत्ता में आने पर नियमित करने का भरोसा दिलाया, अब सत्ता में आते ही भूल गए। इसे देखते हुए आक्रोशित कर्मचारी मजदूर दिवस पर ही तूता में सांकेतिक धरना के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का निवास घेराव का निर्णय लिया है। इस विरोध प्रदर्शन के साथ शासन-प्रशासन के नाम ज्ञापन देते हुए चुनाव के पहले किए गए वादे को याद दिलाने निकलेंगे।

## ग्रीन आर्मी के स्थापना दिवस पर प्रकृति संरक्षण का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्रीन आर्मी ने स्थापना दिवस पर प्रकृति संरक्षण के प्रति अपने अटूट संकल्प को दोहराया और पिछले आठ वर्षों की अपनी गौरवशाली यात्रा का स्मरण किया। जाने-माने उद्यमी राजेश अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने संस्था के कामकाज के बारे में बताते हुए गजराज बांध, महाराजबंद और अन्य तालाबों की वर्तमान दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने देवपुरी जोन और डीडीनगर जोन द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोहन वल्र्यानी, पीके साहू, आशीष शर्मा, मोनिका बागरेचा, भारती श्रीवास्तव, विनीत शर्मा और रविंद्र सिंग सहित कई सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### अमरनाथ व वैष्णो देवी...

एक अन्य विशेष ट्रेन बृहस्पतिवार को चलाई जा रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में भोजन व पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। हेल्प डेस्क से यात्रियों को सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता अनुसार और विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस आतंकी हमले ने कश्मीर में पर्यटन पर गहरा प्रभाव डाला है। पहलगाम क्षेत्र में हुए इस हमले के बाद पर्यटकों में भय का माहौल है, जिससे यात्रा योजनाओं में बदलाव देखा जा रहा है।

### भाजपा नेता की...

एनआईए ने नारायणपुर जिला युवक कांग्रेस के महासचिव शिवानंद नाग को मौदहापारा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। भाजपा नेता की हत्या के बाद शिवानंद फरार हो गया था, जिसकी एनआईए तलाश कर रही थी। भापजा नेता की हत्या के बाद नक्सलियों ने पर्चा जारी किया था। पर्चा में रतन दुबे पर धर्मांतरण के मुद्दे पर आदिवासियों को आपस में लड़वाने का आरोप लगाया गया था। इसके अलावा आमदाई खदान का समर्थन और सुरक्षाबलों का कैंप बैठाने में सहयोग करने का नक्सलियों ने रतन पर आरोप लगाया था। इसीलिए पीएलजीए ने उसे मौत की सजा भी सुनाई थी।

### पहली बार पीएचडी के...

को संपूर्ण गतिविधियां संचालित करनी होगी। जारी किए गए शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, पीएचडी पाठ्यक्रम के लिए अधिसूचना 31 जुलाई तक विश्वविद्यालयों को जारी करनी होगी। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 14 अगस्त तक करना होगा। प्रवेश परीक्षा के परिणामों की घोषणा अगस्त अंत तक विवि कर सकेंगे। विभागीय शोध समिति की बैठक 30 सितंबर तक होगी। छात्रों को पीएचडी पाठ्यक्रम में दाखिले 30 अक्टूबर तक दिए जाएंगे। पीएचडी कोर्सवर्क का अध्यापन कार्य नवंबर से शुरू किया जाएगा, जो मार्च माह तक चलेगा। कोर्सवर्क की परीक्षा का आयोजन 15 मई से 30 मई तक होगा। परिणाम 30 जून तक जारी किए जाएंगे।

## छत्तीसगढ़ के गांवों में अब डिजिटल सेवाओं की नई सुबह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में अब सरकारी सेवाओं की डिजिटल पहुंच और भी सुलभ होने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर से वर्चुअल माध्यम से 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' का शुभारंभ करते हुए इसे प्रदेश की ग्रामीण जनता के लिए एक नई डिजिटल क्रांति की शुरुआत बताया। पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल से गांवों में बैंकिंग से लेकर प्रमाणपत्रों तक की सेवाएं अब ग्राम पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध हो जाएंगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि ग्रामीणों को दूर दराज स्थित बैंकों के चक्कर काटने से भी मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा, "अब हमारे बुजुर्गों को पेंशन, महिलाओं को महतारी वंदन योजना, किसानों को पीएम किसान निधि जैसी योजनाओं की राशि सीधी ग्राम पंचायत में ही मिल सकेगी। इससे गांव के अंतिम व्यक्ति तक सुविधा की सीधी पहुंच सुनिश्चित होगी।



■ मुख्यमंत्री साय ने 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' का किया वर्चुअल शुभारंभ

### डिजिटल सुविधा, गांवों तक सीधी सेवा

*उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी पंचायती राज दिवस की बधाई देते हुए कहा कि डिजिटल सुविधा केंद्रों से ग्रामीण नागरिक अब अपने ही गांव में आय, जाति, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, भूमि से जुड़ी जानकारी, डिजिटल भुगतान और अन्य ई-सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक जनपद की 10 ग्राम पंचायतों में यह केंद्र शुरू किए जा रहे हैं, और आने वाले छह महीनों में 8,000 से अधिक पंचायतों में यह सेवाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सूरजपुर, धमतरी, बस्तर, कबीरधाम, रायगढ़ और जशपुर जिलों के लाभार्थियों से संवाद कर उनकी प्रतिक्रियाएं भी जानीं। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर इस योजना की जानकारी साझा करें ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।*

### मोर गांव मोर पानी महाभियान

इसी अवसर पर उन्होंने 'मोर गांव मोर पानी महाअभियान' की भी शुरुआत की, जिसमें प्रदेश की 11,693 ग्राम पंचायतों को जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए नागरिकों और पंचायत प्रतिनिधियों से इस दिशा में मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के 51 हजार परिवारों को पीएम आवास योजना के अंतर्गत 300 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। इसके साथ ही "आवास प्लस प्लस" सर्वे का दायरा बढ़ाकर अधिक जरूरतमंद परिवारों को योजना से जोड़ा जा रहा है।

## कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की दो दिवसीय बैठक आज से भुवनेश्वर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधिमंडल भुवनेश्वर के लिए रवाना हुआ। भुवनेश्वर में राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की दो दिवसीय बैठक 25 अप्रैल से शुरू हो रही है। इस बैठक में देशभर से 150 से ज्यादा व्यापारी नेता शामिल होंगे।



व्यापारिक विषयों को लेकर कैट की राष्ट्रीय गर्वनिंग काउंसिल की अहम बैठक 25 एवं 26 अप्रैल को भुवनेश्वर में होने जा रही है। जिसमें देशभर से व्यापारी नेता शामिल होंगे। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी कार्यकारी अध्यक्ष विक्रमसिंह देव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि गुरुवार को कैट छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधिमंडल भुवनेश्वर रवाना हुआ। उन्होंने आगे बताया कि कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की दो दिवसीय बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों से करीब 150 से अधिक व्यापारी नेता भुवनेश्वर में एकत्रित होंगे। बैठक में व्यापारिक विषय पर चर्चा होगी। बैठक में प्रमुख रूप सें कैट के मुख्य सलाहकार पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं चांदनी चौक नई दिल्ली के सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खण्डेलवाल उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में भुवनेश्वर रवाना होने वाले कैट छत्तीसगढ़ प्रतिनिधी मंडल में कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष परमानंद जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### बॉयलर इंस्पेक्टर के प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर।** राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली बॉयलर इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। बॉयलर इंस्पेक्टर (वाष्पयंत्र निरीक्षक) भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 4 मई को होगी। परीक्षा सुबह 10 से प्रारंभ होगी। संबंधित दिशा-निर्देश भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि इस परीक्षा के जरिए बॉयलर इंस्पेक्टर के दो पदों पर भर्ती होगी।

### एमएससी पुनर्गणना परिणाम जारी

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा गुरुवार को विभिन्न कक्षाओं के पुनर्गणना परिणाम जारी किए गए। इसमें एमएससी बायोसाइंस, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी आईटी सहित एमएड और बीएड कक्षाओं के नतीजे शामिल हैं। अधिकतर छात्रों के नतीजों में पुनर्गणना के बाद भी किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं हुआ। छात्र अपने परिणाम रविवि की वेबसाइट में देख सकते हैं।

## निधन

### हुकूम बया



**रायपुर।** शिव चौक राजा तालाब निवासी हुकूम बया का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 अप्रैल को शंकरनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे पार्वती बया के पति, अभय एवं अरुण बया के पिता थे।

### बसंत कुमार खांटेड



**रायपुर।** एचआईजी सी-6 शैलेंद्र नगर निवासी बसंत कुमार खांटेड (73) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे दीपक, आनंद, सुमित खांटेड के पिता थे।

# देश छोड़ने के फरमान के बाद भी यहां रहने वाले 18 सौ पाक नागरिकों को लेकर असमंजस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का फरमान जारी किया है। 18 सौ के करीब पाकिस्तानी नागरिक रायपुर जिले में निवास कर रहे हैं। यहां रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों में ज्यादातर हिंदू हैं। गिनती के इस्लाम धर्म के मानने वाले नागरिक यहां हैं। ऐसे में इन नागरिकों का क्या होगा, इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में पुलिस के पास केंद्रीय गृह मंत्रालय से कोई दिशा निर्देश नहीं आया है। पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का केंद्र सरकार का आदेश जारी होने के बाद एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह से संपर्क किया गया, तो उनका कहना है कि केंद्र का जैसा दिशा निर्देश होगा, उसका पालन किया जाएगा। दिशा निर्देश को लेकर जानकारी जुटाई गई, तो राज्य के पास अब तक पाक नागरिकों को देश छोड़ने किसी तरह से दिशा निर्देश नहीं मिलने की बात सामने आई है। ऐसे में जिला विशेष शाखा (डीएसबी) पाक नागरिकों के बारे में जानकारी जुटाकर उनकी निगरानी करने का काम कर रहा है।

## अफसर बोले- दिशा निर्देश के अनुसार कार्य किया जाएगा

### बुलाकर कराते रहते हैं वेरिफिकेशन

यहां रहने वाले पाक नागरिकों को जिला विशेष शाखा तथा पासपोर्ट कार्यालय में बुलाकर वेरिफिकेशन कराने के साथ उनकी गतिविधियों की निगरानी करने का पुलिस अफसर दावा कर रहे हैं। अफसरों के अनुसार यहां रहने वाले ज्यादातर पाक नागरिक बिजनेस वीजा में रह रहे हैं। बिजनेस वीजा में रहने वाले ज्यादातर पाक नागरिकों ने अपना वीजा एक्सटेंड करा लिया है।



### भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन

रायपुर में रहने वाले ज्यादातर पाकिस्तानी नागरिक पाकिस्तान के सिंध प्रांत से आकर रह रहे हैं। लंबे से समय से रहने वाले कई पाकिस्तानी नागरिकों ने भारतीय नागरिकता ग्रहण कर ली है। रायपुर में रहने वाले 18 सौ पाकिस्तानी नागरिकों में से ज्यादातर लोगों ने भारतीय नागरिकता हासिल करने आवेदन दिया है।

### *हाल में आई तीन पाक नागरिकों में एक लौटी*

*सामाजिक कार्य के लिए पाकिस्तान से तीन मुस्लिम महिलाएं रायपुर आई थीं, उनमें से एक महिला पाकिस्तान लौट गई है। शेष दो मुस्लिम महिलाएं रायपुर में रुकी हुई हैं। जिले में पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या गिनती की होने की वजह से पुलिस उन पर आसानी से नजर रख रही है।*

स्मार्ट सिटी के 130 करोड़ की योजना, 180 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई फिर भी नहीं पहुंचा पा रहे पानी

# 24 घंटे जल आपूर्ति का प्लान फेल, कहीं नलों में पानी का प्रेशर कम, कहीं पुरानी लाइन का लोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शहर के 15 चुनिंदा वार्डों में 24 घंटे पीने का साफ पानी पहुंचाने का प्लान फेलवर साबित हो रहा है। 180 किलोमीटर की नई पइप लाइन बिछाने के बाद भी लोगों को 24 घंटे पीने का साफ पानी नहीं मिल रहा है। मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया से कनेक्टेड वार्डों में केवल शाम के समय मात्र एक घंटे अतिरिक्त पानी आपूर्ति हो रही है, वहीं गंज पानी टंकी कमांड एरिया वाले चयनित वार्डों में सुबह के समय नई पाइप लाइन और शाम के समय पुरानी पाइप लाइन से एक-एक घंटे अतिरिक्त पानी लोगों को मिल रहा है। ज्यादातर इलाकों में नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी पानी का प्रेशर बहुत कम आने से लोग परेशान हैं।

### एक ही स्थान पर बिजली और पानी की पाइप लाइन करंट का खतरा

सिटी कोतवाली से तात्यापारा तक अंडरग्राउंड बिजली केबल डालने के बाद पानी की पाइन लाइन ऊपर से बिछाई गई है। चूंकि पूर्व में नई पाइप लाइन से पानी की टेस्टिंग नहीं हुई, इसलिए अब एक ही स्थान से बिजली और पानी की पाइप लाइन जाने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। वार्ड पार्षद और जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने गत दिनों इस बात को लेकर बैठक में विभागीय अधिकारियों के सामने खुलकर नाराजगी जताई। सदरबाजार और बूढ़ापारा में स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधे अधूरे काम को लेकर रहवासी भी खासे नाराज हैं।



### मौदहापारा, ब्राम्हणपारा, सदर, संकल्प सोसाइटी समता कालोनी में पुरानी पाइप लाइन से आपूर्ति

सूत्रों के मुताबिक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की अनुबंधित एजेंसी ने शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए नई पाइप लाइन तो बिछा दी है, पर अभी भी मौदहापारा, ब्राम्हणपारा, अवधिया पारा, पुरानी बस्ती, सदरबाजार, बूढ़ापारा, संकल्प सोसाइटी क्षेत्र समता कालोनी, जोन 2 क्षेत्र के कुंदरापारा में पुरानी पाइप लाइन से जल आपूर्ति की जा रही है। नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति का सिस्टम नहीं बनने से रहवासी इलाकों में पानी का प्रेशर बहुत कम आ रहा है। इसके अलावा कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां नई व पुरानी पाइप लाइन दोनों से संबंधित वार्डों को जल आपूर्ति की जा रही है। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है जब तक पुरानी पाइप लाइन को पूरी तरह बंद कर नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति नहीं शुरू करेंगे, तब तक ये समस्या बनी रहेगी।

### मोतीबाग पानी टंकी एरिया में नहीं लगा पाए 3 नए मोटर पंप

मोतीबाग चौक पर स्थापित प्रदेश की सबसे बड़ी पानी टंकी कमांड एरिया से मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड, ब्राम्हणपारा वार्ड, महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड, स्वामी विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड, महामाया मंदिर वार्ड, सिविल लाइन वार्ड शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड, राजीव गांधी वार्ड में 24 घंटे साफ पानी पहुंचाने की योजना है, पर इसके लिए पहले से स्थापित पुराने 3 मोटर पंप को बदलना होगा। 75 एचपी के मोटर पंप की जगह 110 एचपी क्षमता वाले 3 नए मोटर पंप लगाने का कार्य अभी प्रोसेस में है। यही हाल रहा, तो इस बार की गर्मी में लोगों के घरों तक 24 घंटे पीने का साफ पानी पहुंचाना मुश्किल हो जाएगा। गंज पानी टंकी से रमन मंदिर वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड, तात्यापारा वार्ड, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड और स्वामी आत्मानंद वार्ड में 24 घंटे पानी पहुंचाने का काम आधा अधूरा हो पाया है।

# भाठागांव, गुढ़ियारी में निगम ने खुले चेंबर को किया बंद



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- भाठागांव में रिंग रोड सर्विस लेन के किनारे खुला था चेंबर
- जन शिकायत के बाद महापौर ने लिया संज्ञान

नगर निगम ने गुरुवार को भाठागांव सर्विस लेन के किनारे खुले चेंबर में ढक्कन लगवाया तथा गुढ़ियारी के भारतमाता चौक के समीप खुले चेंबर की तत्काल बैरिकेडिंग करवायी। जन शिकायत के बाद महापौर मीनल चौबे ने इस पर संज्ञान लेते हुए जनहित में चेंबर में ढक्कन लगवाकर जनजीवन की सुरक्षा की दृष्टि से यह कार्य कराया।

दरअसल, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड स्थित गुलमोहर सोसाइटी के पास पीएमवाय आवासीय परिसर में पिछले दिनों में सीवरेज के गंदा पानी निकास के लिए बनाये गये गड्ढे में 7 वर्षीय बालक दिव्यांश की डूबने से मौत होने पर महापौर मीनल चौबे ने सभी 10 जोन के कमिश्नरों को निर्देशित किया था कि शहरभर में खुले चेंबर को चिन्हांकित कर उसे कवर्ड किया जाये। इसी कड़ी में जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव और कार्यपालन अभियंता अमृत मिशन योजना अंशुल शर्मा ने भाठागांव में रिंग रोड किनारे सर्विस लेन किनारे मार्ग पर खुले चेंबर में ढक्कन लगवाकर सुरक्षित किया।

गुढ़ियारी के भारतमाता चौक के समीप खुले चेंबर को चारों ओर से बैरिकेडिंग करते हुए लाल झंडी के साथ सूचना संकेतक लगाकर सुरक्षित कराया।



## खबर संक्षेप



### बदले जाएंगे आंबेडकर अस्पताल के कूलर

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने गुरुवार को अस्पताल का निरीक्षण कर गर्मी के मौसम में मरीजों को राहत देने के लिए विभिन्न वार्डों और ओपीडी में लगाए गए पंखे, कूलर,एसी एवं डक्ट कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था देखी। उन्होंने मेंटेनेंस विभाग को निर्देश दिया कि पुराने एवं खराब हो चुके पंखों और कूलरों की मरम्मत जल्द से जल्द करें। जिन- जिन विभागों तथा वार्डों में पंखे, एसी एवं कूलर की शिकायतें आ रही हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। इस दौरान सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल तथा मेंटेनेंस विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वामी चक्रपाणि महाराज ने सभी संतों को जागरूक होने दिया मंत्र



**रायपुर।** राष्ट्रीय संत महासभा अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि बुधवार को दिल्ली से रायपुर पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद स्वामी चक्रपाणि महाराज ने श्री सुरेश्वर महादेवपीठ में संत महासभा की एक बैठक ली। जहां उपस्थित सभी संतों को एवं सनातनियों को जागरूक होने के लिए मंत्र दिया। साथ ही 5 अक्टूबर को संत पदयात्रा निकालने के लिए कहा। इसी दौरान पहलगाम में आतंकी हमले को बहुत-बहुत दुखदाई बताया। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं छग के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि सनातन बोर्ड का गठन शीघ्र करें और हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कृपा करें। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद के नेतृत्व में हमले में मृत नागरिकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की और श्री सुरेश्वर महादेवपीठ में हवन किया। इसके बाद स्वामी चक्रपाणि महाराज सरगांव खम्हारडीह बिलासपुर पहुंचकर मां राजराजेश्वरी मंदिर का शिलान्यास कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर संत गौतम आनंद, साध्वी सौम्या, आचार्य रूपेश महाराज, कान्हा महाराज, अधिवक्ता योगेश्वर साहू, भूषण साहू, नंदकिशोर अग्रवाल, शेर महाराज, कायम सिंह, भगत बलराम, नीलिमा, रेणुका अग्रवाल, आचार्य रामकृष्ण त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

# पेंशन हितग्राहियों के लिए अब वार्डों के सामुदायिक भवन में लगाएंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के 10 जोन में स्थित 70 वार्डों के 30 हजार पेंशनरों को अब हर माह वार्डों के सामुदायिक भवन में शिविर लगाकर पेंशन वितरण किया जाएगा। पेंशन वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने महापौर मीनल चौबे ने सुझाव दिया है, विधानसभा वार 4 नए बैंकों से पेंशन वितरण का कार्य करवाया जा सकता है। यह एक बेहतर विकल्प होगा। साथ ही गर्मी के सीजन में पेंशनरों के लिए शिविर स्थल पर छाया के लिए पंडाल, पीने के साफ पानी और बैठने के लिए व्यवस्था बैंक के माध्यम से सुनिश्चित कराई जाये। महापौर मीनल चौबे ने गुरुवार को महात्मा गांधी सभागार स्थित कार्यालयीन कक्ष में शहरी गरीबी उपशमन विभाग की बैठक ली।

इसमें सरकार की समाज कल्याण योजनाओं के माध्यम से पेंशन के लिए पात्र 30 हजार हितग्राहियों को प्रतिमाह नियमित रूप से पेंशन व्यवस्थित तरीके से वितरण किये जाने की व्यवस्था तय हुई। महापौर ने अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा को नए सिरे से पेंशनरों के पेंशन भुगतान की प्रक्रिया सरलीकरण के संबंध में सुझाव के साथ निर्देश भी दिये।

## महापौर मीनल चौबे ने विधानसभावार बैंकों से पेंशन वितरण के दिए सुझाव

*विधानसभा क्षेत्रवार 4 नए बैंक से पेंशन वितरण का विकल्प : बैठक में महापौर मीनल चौबे ने विभागीय अधिकारियों को सुझाव दिया है कि यदि संभव हो तो शहर में विधानसभा क्षेत्रवार 4 नए बैंकों के माध्यम से 30 हजार पेंशनरों की पेंशन राशि का भुगतान प्रशासनिक तौर पर करवाया जाए। ऐसा होने पर गरीब व जरूतमंद पेंशनरों को समय पर नियमित रूप से पेंशन का भुगतान बैंकों के माध्यम से करने का एक बेहतर विकल्प मिलेगा। बैठक में मौजूद एमआईसी सदस्यों और जोन अध्यक्षों के सुझाव पर निर्णय लेते हुए महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है।*



- पंडाल, पीने के लिए शीतल जल और बैठने की व्यवस्था बैंक करेंगे
- आईडीबीआई बैंक से खाता बदलकर बैंक ऑफ बड़ोदरा में करने ग्रीष्म ऋतु के बाद निर्णय

### बैंक खाता बदलने का काम गर्मी के बाद

मीनल चौबे ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि आईडीबाई बैंक से हितग्राहियों के बैंक खाते को बदलकर बैंक ऑफ बड़ौदा में करने का कार्य ग्रीष्म ऋतु के बाद किया जाये, ताकि पेंशनरों को गर्मी के दौरान बैंक खाते बदलने को लेकर किसी तरह की असुविधा न हो। गर्मी के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। गरीबी उपशमन विभाग के अधिकारियों को बैठक के दौरान पूरी जानकारी के साथ समीक्षा बैठक में आने के निर्देश दिए हैं। बैठक में शहरी और गरीब उपशमन विभाग के अध्यक्ष खेम कुमार सेन, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, संतोष-सीमा साहू, अवतार-भारती बागल, अमर गिदवानी, भोलाराम साहू, नंदकिशोर साहू, गायत्री-सुनील चंद्राकर, सुमन-अशोक पांडे, डॉ. अनामिका सिंह, संजना हियाल, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, मुरली शर्मा, अंबर अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, प्रीतम सिंह ठाकुर, गोपेश साहू, सचिन मेघानी, श्वेता विश्वकर्मा, साधना-प्रमोद साहू उपस्थित रहे।

### यात्रियों को 15 रुपये में गर्म पूड़ी-सब्जी देने की योजना दम तोड़ रही

# जुर्माना हुआ लाख रुपए का, सुधार 'जीरो' का स्टेशन से जनता खाना-बेबी फूड अब भी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे प्रशासन द्वारा बीते दिनों खानपान में अनियमितताओं को लेकर वेंडर्स पर 1 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूलने के बावजूद स्टेशन पर व्यवस्थाओं में कोई ठोस सुधार नजर नहीं आ रहा है।

हरिभूमि की टीम ने जांच अभियान के बाद गुरुवार को जब रायपुर रेलवे स्टेशन पर 'जनता खाना' और बेबी फूड की उपलब्धता की पड़ताल की, तो ये दोनों ही सुविधाएं स्टेशन से पूरी तरह गायब मिलीं। रेलवे द्वारा यात्रियों को 15 रुपये में पूड़ी-सब्जी देने की जो योजना चलाई जा रही है, उसका हाल अब भी ज्यों का त्यों है। वेंडर्स 15 से 20 मिनट में भी खाना उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं, जिससे यात्रियों की इस सेवा में रुचि कम होती जा रही है। जब हरिभूमि ने खुद यात्री बनकर भोजन की मांग की, तो वेंडर्स की तरफ से अलग-अलग जवाब मिले। किसी ने कहा आटा गूंथना होगा, तो किसी ने बताया सब्जी तैयार नहीं है, वहीं कुछ ने कहा अभी तैयार नहीं है, समय लगेगा, और एक वेंडर ने तो यह भी कहा कि सुबह का बना हुआ खाना है। आमतौर पर यह सब सुनकर यात्री सीधे मना कर देता है।






### स्टेशन में बेबी फूड भी नहीं है

स्टेशन में बच्चों के लिए जरूरी बेबी फूड भी कहीं नजर नहीं आया।जबकि रेलवे की योजना के तहत स्टेशनों पर बच्चों के लिए बेबी फूड उपलब्ध कराने की बात कही गई है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे काफी दूर है। वेंडर्स ने सीधे कहा दिया कि मेरे पास नहीं है। अधिकारियों की कार्रवाई के बाद भी वेंडर्स पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सवाल यह उठता है कि जुर्माने की कार्रवाई के बाद भी स्टेशन पर सुधार क्यों नहीं हो रहा है?



- रेलवे प्रशासन ने तीन दिन पहले जुर्माना वसूलने के साथ व्यवस्था सुधारने का दिया था निर्देश

### कमाई कम, नुकसान ज़्यादा

रेलवे स्टेशन पर जगह-जगह जनता खाना 15 रुपए में उपलब्ध के पोस्टर तो ज़रूर चस्पा हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। वेंडर्स का मनना है कि इससे मुनाफा नहीं, उल्टा नुकसान हो रहा है। यही वजह है कि उन्होंने 'जनता खाना' बनाना लगभग बंद कर दिया है। रेलवे के अधिकारी जब औचक निरीक्षण करते हैं, तो थोड़ी देर के लिए वेंडर्स सक्रिय हो जाते हैं, लेकिन नियमित निगरानी की कमी से यह सुविधा ठप होती जा रही है।यात्रियों के लिए 'जनता खाना' सबसे सस्ता विकल्प है, क्योंकि इसके बाद समोसा, इडली और अन्य नाश्ते की कीमतें 30 रुपए से शुरू होती हैं। ऐसे में आम यात्रियों को सबसे ज़्यादा दिक्कत हो रही है।

# स्ट्रीट लाइट टाइमर के लिए बढ़ाई जाएगी टीम, संधारण पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- विद्युत अभियांत्रिकी विभाग अध्यक्ष सुमन-अशोक पांडे ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- विद्युत विभाग के कार्य की समीक्षा के लिए बैठक ली

शहर के विभिन्न वार्डों में लगाई गई स्ट्रीट लाइट के बंद और चालू करने के लिए लगाये गये टाइमर की निगरानी करने जल्द टीम बढ़ायी जायेगी। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट के संधारण कार्य प्रमुखता से कराया जायेगा। इसके लिए जोन के कार्य सहायकों को जिम्मा दिया गया है। नगर निगम के विद्युत एवं अभियांत्रिकी विभाग अध्यक्ष सुमन-अशोक पांडे ने गुरुवार को विभाग की समीक्षा बैठक में इस आशय के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम विद्युत,विभाग की अध्यक्ष सुमन अशोक पाण्डेय ने महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में विद्युत विभाग के कार्य समीक्षा करने बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने मुख्य रूप से स्ट्रीट लाइट से संबंधित जनसमस्या का निराकरण तत्काल करने निर्देश दिए। एमआईसी सदस्य ने ई.ई.एसएल के संबंधित अधिकारियों को संधारण कार्य के लिए टीम को आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने की हिदायत दी है। इसके साथ ही असुरक्षित विद्युत कनेक्शनों के संधारण करने आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता से करवाने निर्देशित किया है।

बैठक में उपायुक्त डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी,अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े,कार्यपालन अभियंता शरदचंद्र ध्रुव, सहायक अभियंता संदीप शर्मा,उप अभियंता जिज्ञासा जैन, ईईएसएल के अधिकारी राकेश साहू, अभियंता शेषनारायण साहू, बालकृष्ण सिह उपस्थित रहे।

# युवती से रेप, शादी का दबाव ब्लैकमेलिंग, आरोपी गिरफ्तार

- शादी नहीं करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

युवती की शिकायत पर कबीर नगर पुलिस ने उत्तरप्रदेश के युवक को रेप, ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी युवक ने घर में अकेली युवती से रेप करने के बाद ब्लैकमेलिंग कर उससे तीन लाख तथा मां और भाई से 90 हजार रुपए जबरन वसूल किए। शादी नहीं करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।



- रेप के बाद मां, बेटी से चार लाख वसूले

गिरफ्तार युवक, युवती तथा उसके परिजनों को धमकी देकर दो साल से रेप करने के साथ ब्लैकमेलिंग कर रहा था। युवती की शिकायत पर पुलिस ने उत्तरप्रदेश, प्रतापगढ़ निवासी संतोष कुमार तिवारी को गिरफ्तार किया है। संतोष के खिलाफ युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि संतोष उससे दोस्ती कर उसके घर में जबरन मिलने आया। संतोष युवती से मिलने जब उसके घर गया, तब घर पर कोई नहीं था। इस दौरान संतोष ने युवती के साथ जबरदस्ती रेप की। युवती ने पुलिस को बताया है कि रेप करने के बाद संतोष कॉल कर उससे शादी करने दबाव बनाता था। शादी नहीं करने पर वीडियो वायरल करने के साथ पोस्टर छपवाकर बंटवाने की धमकी देता था। साथ ही शादी नहीं करने पर पैसों की मांग करता था। घटना की जानकारी युवती ने अपने भाई तथा मां को दी, तो संतोष ने उन लोगों को भी उनकी बेटी को बदनाम करने की धमकी देकर जबरन पैसे वसूले।

# मंदिर हसौद के गांव में रुकवाया गया बाल विवाह

- महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला बाल संरक्षण इकाई की संयुक्त टीम की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बाल विवाह कानूनन अपराध भी है। इस कानून के तहत किसी भी व्यक्ति द्वारा बाल विवाह करना, उसका संचालन करना, उसका निर्देशन करना या उसमें सहायता करना अपराध है, जिसके लिए एक से दो साल तक की कैद और एक लाख रुपये तक का जुर्माना भी हो सकता है। इसके बाद भी बाल विवाह कराने के मामले लगातार सामने आते रहते हैं। ऐसा ही एक मामला राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद क्षेत्र के ग्राम का आया है, जहां एक परिवार अपनी 16 साल की नाबालिग लड़की का विवाह कराने जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला बाल संरक्षण इकाई की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और नाबालिग का विवाह कराने से रोका।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि मंदिर हसौद क्षेत्र के एक ग्राम में नाबालिग लड़की का विवाह कराया जा रहा है। इस सूचना पर तत्काल इस पर रोक लगाने के लिए संयुक्त टीम गठित की गई, जिसमें उप पुलिस अधीक्षक नंदिनी ठाकुर, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के राज्य समन्वयक विपिन ठाकुर, संरक्षण अधिकारी संजय निराला, सेक्टर पर्यवेक्षक सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी ममता गायकवाड़ एकीकृत बाल विकास परियोजना मंदिर हसौद सहित जिला बाल संरक्षण इकाई रायपुर के अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे। यह टीम नाबालिग लड़की के घर पहुंची, जहां उसकी शादी की तैयारियां चल रही थीं। टीम के अधिकारियों ने लड़की की उम्र के संबंध में पूछताछ करते हुए जांच की, तो लड़की की पांचवीं की अंकसूची से पता चला कि वह 16 वर्ष 10 माह की है। इसके बाद टीम ने इस विवाह को रुकवाया।



### ग्रामीणों ने किया विरोध

विवाह रुकवाने के दौरान लड़की के परिजनों सहित गांव के लोगों ने विवाह रुकवाने का विरोध किया और इसे लेकर अधिकारियों के साथ विवाद भी किया। अधिकारियों ने जब इस मामले में कानूनी कार्रवाई की बात कही, तब जाकर ग्रामीण शांत हुए और विवाह को लड़की के बालिग होने तक रोकने के लिए तैयार हुए। इस दौरान टीम ने लड़का एवं लड़की दोनों पक्ष के परिजनों से ग्राम पंचायत के सरपंच की उपस्थित में नागरिकों से शपथ सह पंचनामा तैयार कराया। उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ माह पूर्व 3 फरवरी को राजधानी रायपुर में विभाग की टीम ने नाबालिग जोड़े का विवाह रुकवाया था। यह विवाह बैरन बाजार स्थित एक भवन में होने वाला था। विवाह करने वाले लड़का और लड़की तथा उसके परिवार बलरामपुर के रहने वाले थे, जो दोनों का विवाह रायपुर में कराने पहुंचे थे। टीम ने इस विवाह को भी रुकवाया और दोनों परिवारों को लड़का और लड़की के बालिग होने के बाद ही विवाह कराने का शपथ पत्र लिया।

# छग के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला शोधग्रंथ का विमोचन

**रायपुर।** डॉ. टीआर रामटेके के शोधग्रंथ छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला का विमोचन विगत 20 अप्रैल को सांसद बृजमोहन अग्रवाल, डॉ. सुशील त्रिवेदी, रमेंद्रनाथ मिश्र, रतनलाल डांगी, प्रो. आभा रूपेंद्र, प्रवीण कुमार मिश्र, केके अग्रवाल के हाथों संपन्न हुआ। विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि यह महान शोधकार्य राज्य की भावी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेगा, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम से एक सिविल इंजीनियर रहते हुए बड़े कलात्मक रूप से छग के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला का विवेचन किया और आम आदमी को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक विरासत से परिचित कराया। राज्य के लगभग सभी किलों का इस ग्रंथ में बहुत अच्छी तरह वर्णन किया गया है। मुख्य वक्ता डॉ. सुशील त्रिवेदी ने कहा, इस ग्रंथ में डॉ. रामटेके ने एक वास्तुकार के रूप में छग के लगभग 100 किलों की वास्तुशास्त्रीय विवेचना की है। विशेषकर चैतुरगढ़, रतनपुर, कोटगढ़, कोसंगईगढ़ मल्हार आदि की। इस अवसर पर पूर्व संभागायुक्त दिलीप वासनीकर, ग्रंथकार शंकर टोडर, चंद्रशेखर जनबंधु, डॉ. उदयभान सिंह चौहान, देवेंद्र श्रीवास्तव, सिद्धू देवांगन, प्रवीण प्रचंडे आदि शामिल रहे।



## बिजनेस साइट

### पृथ्वी दिवस पर मदर्स प्राइड स्कूल में पर्यावरण जागरूकता अभियान




**रायपुर।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर मदर्स प्राइड हायर सेकेंडरी स्कूल के इको क्लब एवं ग्रीन आर्मी द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पृथ्वी, जल, वायु एवं स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संदेश प्रसारित किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण से हुई, जिसके बाद रैली, नुक्कड़ नाटक और सफाई अभियान का आयोजन किया गया।

छात्रों ने आसपास के क्षेत्रों में जाकर पॉलिथीन मुक्त समाज, जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया।

### कल्याण पब्लिक स्कूल में 'स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता'



**रायपुर।** खम्हारडीह स्थित कल्याण पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में 'स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता' का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर माताओं एवं अभिभावकों को जागरूक करना था। प्रतियोगिता में 87 से अधिक बच्चों ने भाग लिया, जिनका स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा किया गया। सीनियर वर्ग में अलंकृता दीक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी, जबकि पृष्का फुलकर द्वितीय और श्रेया विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं जूनियर वर्ग में वेद ने पहला स्थान हासिल किया, नायशा आहूजा ने दूसरा तथा मोनिका निर्मलकर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के डायरेक्टर राजेश सक्सेना द्वारा विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। संचालन शीला गुर्जर ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालक, अभिभावक व शिक्षक उपस्थित रहे।






04



मैट लिपस्टिक करती है होंठों ...


## जॉब अलर्ट

### कार्यकर्ता-सहायिका के रिक्त पदों के लिए 6 मई तक आवेदन आमंत्रित




**रायपुर।** आंगनबाड़ी केंद्रों के युक्तियुक्तकरण अंतर्गत नवीन स्वीकृत 1 आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता-सहायिका पद रिक्त होने के कारण इस पर नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र 6 मई तक कार्यावधि में शाम 5.30 बजे तक बाल विकास परियोजना कार्यालय, नारायणपुर, (गायत्री मंदिर रोड जीवन, प्राण किराया भण्डार के सामने) सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आमन्त्रित किया गया है। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए (एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता, सहायिका, सह-सहायिका, संगठिका को आयुसीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी), आयु की गणना नियुक्ति प्रकिया की सूचना जारी होने की तिथि से की जाएगी। सेवा की अधिकतम आयु 65 वर्ष होगी।

#### 8 वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य

आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होनी चाहिए, जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र स्थित है (शहरी क्षेत्रों में आवेदिका उसी वार्ड की निवासी होनी चाहिए), निवासी होने के प्रमाण में ग्राम की अद्यतन मतदाता सूची में दर्ज नाम एवं नगरीय क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जाए अथवा ग्राम पंचायत के सरपंच अथवा उपसरपंच अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों में वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र, जिसमें वार्ड एवं ग्राम में निवासरत रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 12वीं अथवा 11वीं बोर्ड तथा आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 8वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### एआई ने बदला काम का तरीका : स्टूडेंट्स के लिए बना 'डिजिटल टीचर', व्यापारियों को मिल रही नई दिशा

# हर घर, हर दफ्तर, हर जेब में एआई, पढ़ाई कमाई और सिखाने में बन रहा स्मार्ट साथी

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआई ने लोगों के काम करने के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। आज एआई न केवल एक टूल है, बल्कि दैनिक जीवन में डिजिटल असिस्टेंट की भूमिका निभा रहा है, जिसकी मदद से घंटों का काम चंद मिनटों में पूरा हो रहा है। शहर में एआई का उपयोग शिक्षा, व्यापार और नौकरीपेशा लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। हरिभूमि ने जब शहर के छात्रों और प्रोफेशनल्स से बात की तो उन्होंने बताया कि चैट जीपीटी और अन्य एआई टूल्स के आने से ऑनलाइन काम करना कहीं अधिक आसान हो गया है।*

**रायपुर।** छात्रों ने बताया कि पढ़ाई के दौरान एआई एक शिक्षक की तरह मदद कर रहा है। हर विषय के सवालों के जवाब उन्हें कुछ ही सेकंड में मिल जाते हैं। गणित जैसे कठिन विषयों को भी एआई सरल भाषा में समझा रहा है, जिससे जटिल अवधारणाएं भी आसानी से समझ आ रही हैं। वहीं नौकरीपेशा और व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि रिपोर्ट बनाना, ईमेल तैयार करना या ग्राहकों से संवाद करना अब पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गया है। एआई की मदद से उनकी कार्यक्षमता बढ़ी है और समय की बचत भी हो रही है। शहर में तेजी से बदलते डिजिटल माहौल में एआई एक प्रभावशाली उपकरण बनकर उभरा है, जो न केवल जानकारी दे रहा है, बल्कि काम को स्मार्ट और तेज बना रहा है।







### फ्रीलांसर और डिजिटल वर्कर्स का काम आसान

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब फ्रीलांस और डिजिटल प्रोफेशनल्स के लिए एक उपयोगी साथी बन गया है। कंटेंट राइटिंग से लेकर कोडिंग तक, अब हर काम में एआई न केवल गति ला रहा है, बल्कि काम को सरल भी बना रहा है। फ्रीलांसर सुमीत वर्मा का कहना है कि पहले रिसर्च में कई घंटे लग जाते थे, लेकिन अब एआई की मदद से मिनटों में जानकारी मिल जाती है। वे बताते हैं कि क्लाइंट्स के लिए सोशल मीडिया पोस्ट, ब्लॉग, आर्टिकल और वेबसाइट कंटेंट तेजी से तैयार हो रहे हैं।

### घर के हर कोने में एआई की मौजूदगी

तकनीक के बदलते दौर में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ ऑफिस या प्रोफेशनल्स तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अब यह आम घरों में भी अपनी खास जगह बना चुका है। रायपुर निवासी प्रीति तिवारी बताती हैं कि अब एआई की मदद से हफ्तेभर का घरेलू बजट, किराना लिस्ट और रोजमर्रा की जरूरी चीजें आसानी से प्लान की जा सकती हैं। एआई रिमाइंडर के रूप में काम करता है और समय पर जरूरी चीजें याद भी दिलाता है।

### स्वास्थ्य से जुड़ी सलाह घर बैठे

एआई अब घरेलू महिलाओं के लिए हेल्थ कोच का भी काम कर रहा है। इससे डाइट प्लान, योग अभ्यास, फिटनेस टिप्स और बीमारियों से बचाव के उपाय आसानी से मिल जाते हैं। 55 वर्षीय सरोज शर्मा कहती हैं कि "अब डॉक्टर की छोटी-मोटी सलाह के लिए एआई से मदद मिल जाती है।

### कैप्शन और पोस्ट आइडिया देता है एआई

डिजिटल मार्केटिंग से जुड़े प्रवीण शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया हैंडल्स को मैनेज करना अब पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गया है। एआई न केवल कैप्शन और पोस्ट आइडिया देता है, बल्कि ट्रेंडिंग टॉपिक पर आधारित सुझाव भी देता है, जिससे काम आसान होता है। वेब डेवलपर शालिनी अग्रवाल का कहना है कि छोटे-मोटे कोड्स जनरेट करने में एआई टूल्स बहुत मदद करते हैं। इससे समय की बचत होती है और ज्यादा प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा किया जा सकता है।

## सिटी इवेंट

### कृषि विवि में अब स्टूडेंट्स के साथ किसान भी सीख सकेंगे ड्रोन उड़ाना



**रायपुर।** कृषि के क्षेत्र में ड्रोन की बढ़ती उपयोगिता एवं अनुप्रयोग को देखते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि अनुसंधान, नवाचार और विस्तार को बढ़ावा देने के लिए यहां कैटेलिस्ट फाउंडेशन नामक संस्था के साथ समझौता किया गया। इस समझौते के तहत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों, युवाओं एवं किसानों को ड्रोन संचालन, रखरखाव, मरम्मत और ओवर हॉलिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण सात से दस दिवस का होगा, जिससे विद्यार्थियों को कृषि में ड्रोन अनुप्रयोग के क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल की उपस्थित में सम्पन्न समझौता ज्ञापन पर स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विनय कुमार पाण्डेय एवं कैटेलिस्ट फाऊंडेशन की ओर से पुष्पराज पाण्डेय ने हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत छत्तीसगढ़ में छात्रों और युवाओं को ड्रोन संचालन और प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण और प्रमाणन की सुविधा के लिए भारत सरकार के महानिदेशक नागरिक उड्डयन के निर्देशों के अनुरूप कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में एक दूरस्थ पायलट प्रशिक्षण संगठन इकाई की स्थापना की जाएगी।

**विवि में ड्रोन प्रशिक्षण केंद्र की होगी स्थापना**

#### कोर्स शुरू करने वाला चौथा कृषि विश्वविद्यालय

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा भी कृषि विश्वविद्यालयों में कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने पर जोर दिया जा रहा है। देश में अब तक तीन कृषि विश्वविद्यालयों में ड्रोन प्रौद्योगिकी पर सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किए गए हैं और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ड्रोन प्रौद्योगिकी पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने वाला चौथा कृषि विश्वविद्यालय बन गया है। कैटेलिस्ट फाऊंडेशन, रायपुर के अध्यक्ष पुष्पराज पाण्डेय ने कहा कि बहुत से संस्थानों द्वारा कृषि के क्षेत्र में ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है और इस क्षेत्र में कुशल ड्रोन ऑपरेटरों की काफी कमी है। युवाओं को दस दिवसीय प्रशिक्षण मिलने से उनके लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। समझौते के तहत विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को लक्षित करते हुए कृषि ड्रोन संचालन, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिंग (एमआरओ) सहित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संयुक्त संचालन किया जाएगा। कृषि में ड्रोन के अनुप्रयोगों अनुसंधान, नवाचार और विस्तार को बढ़ावा देने के लिए कृषि विश्वविद्यालय में बुनियादी ढांचे और संसाधन सुदृढ़ीकरण का विकास किया जाएगा।

## आईआईटी का सपना होगा पूरा, जेईई मेंस में सफलता के बाद प्रयास के बच्चों ने मनाया जश्न

**रायपुर।** जेईई मेंस-2025 के घोषित परिणामों में प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष जेईई मेंस परीक्षा में बैठे प्रयास आवासीय विद्यालय के कुल 371 बच्चों में से 122 ने क्वालीफाई किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता से उनके परिवार के साथ-साथ उनके गांव एवं समाज में हर्ष का माहौल है। वर्तमान में राज्य में कुल 15 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जबकि वर्ष 2025-26 में राजनादंगाव एवं बलरामपुर में एक-एक नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय प्रारंभ करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनके प्रारंभ होने से राज्य में प्रयास विद्यालयों की संख्या बढ़कर 17 हो जाएगी। ज्ञात हो कि अब तक प्रयास आवासीय विद्यालय के 122 विद्यार्थी आईआईटी एवं समकक्ष में, 356 विद्यार्थी एनआईटी एवं समकक्ष में, 960 समकक्ष में एवं 70 एमबीबीएस के लिए चयनित हो चुके हैं।



**जेईई एडवांस देंगे 69 छात्र :** इस वर्ष जेईई मेंस के घोषित परिणामों में प्रयास बालक आवासीय विद्यालय रायपुर का परीक्षा परिणाम सबसे अच्छा रहा है। इस परीक्षा में बैठे कुल 153 बच्चों में से 69 ने मेंस क्वालीफाई किया है। इनकी सफलता का प्रतिशत लगभग 45 प्रतिशत रहा है, जो कि राष्ट्रीय स्तर की इतनी कठिन परीक्षा के हिसाब से उत्कृष्ट कहा जा सकता है। इसी प्रकार प्रयास आवासीय विद्यालय अंबिकापुर के परीक्षा में बैठे 44 में से 16 बच्चों ने जेईई मेंस क्वालीफाई किया है। प्रयास दुर्ग के परीक्षा में बैठे 46 में से 12 बच्चे, प्रयास कांकेर के परीक्षा में बैठे 23 में से 8 बच्चे, जबकि प्रयास जशपुर के परीक्षा में बैठे 38 में से 9 बच्चों ने तथा प्रयास कोरबा के परीक्षा में बैठे 30 बच्चों में से 1 ने जेईई मेंस क्वालीफाई किया है।

## सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** कृषि विभाग में सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी कर दिए गए हैं। व्यापमं की वेबसाइट पर जाकर अभ्यर्थी मॉडल उत्तर देख सकते हैं। इस मॉडल उत्तर पर 30 अप्रैल दोपहर 3 बजे तक तक दावा आपत्ति मंगाई गई है। अगर किसी अभ्यर्थी को इन मॉडल आंसर पर आपत्ति हो तो वे व्यापमं की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन दावा आपत्ति कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें प्रति प्रश्न 50 रुपए जमा करना पड़ेगा। गौरतलब है कि कृषि विभाग में 17 पदों पर सहायक सांख्यिकी अधिकारी की भर्ती होगी। इसके लिए करीब 37 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। व्यापमं की ओर से इसके लिए 13 अप्रैल को परीक्षा आयोजित की गई थी। सिर्फ 16 प्रतिशत अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। इस अनुसार करीब 6 हजार अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। रायपुर में 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। यहां 10 हजार से अधिक अभ्यर्थी थे। इनमें से करीब 1600 एग्जाम देने पहुंचे। कई सेंटर ऐसे थे जहां पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या 3 सौ से अधिक थी, वहां 50-60 ही पहुंचे। इससे पहले, इस साल व्यापमं की ओर से दो अन्य परीक्षाएं जैसे प्रयोगशाला सहायक और मत्स्य निरीक्षक की परीक्षा हुई थी।

**17 पदों पर सहायक सांख्यिकी अधिकारी की भर्ती होगी**

### राजधानी के अलग-अलग क्षेत्र में नर्सरी का संचालन करने वालों ने दो महीने पहले शुरू की तैयारी

# बरसात से पहले ही नर्सरी में सजने लगी श्रृंखला, जून से प्रकृति प्रेमियों को फिर मिलेंगे फल-फूल वाले पौधे

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** हर मौसम के लिहाज से प्रकृति प्रेमी घर-आंगन और छतों पर फूलवारी सजाते हैं। ऐसे प्रकृति प्रेमी बदलते मौसम के लिहाज से अपनी नर्सरी को खास बनाने के लिए नई पौध की श्रृंखला सजाने में रुचि रखते हैं। इस तरह के शौकिनों के लिए राजधानी के आस-पास नर्सरी का संचालन करने वाले भी बरसात शुरू होने से पहले नई पौध के लिए तैयारी कर रहे हैं। मालियों और नर्सरी एक्सपर्ट रमेश साहू, भीम प्रसाद माली और राधेश्याम देवांगन ने बताया कि अभी गर्मी में रोपे जाने वाले पौधों की पूछ-परख कम हो गई है। लोग जून में बारिश शुरू होने के साथ ही एक बार फिर से अपनी पसंद के पौधों को नए गमलों में सजाना शुरू करेंगे। इसके लिए अप्रैल से ही तैयारी शुरू करते हैं, तब दो महीने में पौधे तैयार होते हैं।





**अभी इन पौधों की लोग करते हैं मांग**

नर्सरी संचालकों ने बताया कि अभी नर्सरी में देशी और विदेशी दोनों तरह के पौधे मिलते हैं। गर्मियों में खिलने वाले फूलों वाले पौधों में लिली, सूरजमुखी, गुलाब जैसे फूल शामिल हैं। कुछ सामान्य देशी पौधों में गुड़हल, मोगरा, और कैना लिली शामिल हैं। इसे लोग ज्यादा खरीदना पसंद करते हैं। जबकि विदेशी पौधों में हिबिस्कस, बर्ड ऑफ पैराडाइज, और बोगनविलिया की मांग प्रकृति प्रेमी करते हैं। वे गमलों में बरसात शुरू होने के बाद ही नई पौध को क्यारी में शामिल करते हैं, इसे देखते हुए हम बीज डालते हैं।

#### देश फल-फूल वाले पौधों की डिमांड

बरसात के मौसम में नर्सरी में देशी-विदेशी दोनों प्रकार के पौधे होते हैं। देशी पौधों में चमेली, गुड़हल, और मोगरा, गेंदा जैसे पौधे शामिल हैं। जबकि विदेशी पौधों में गुलाब, एरिका पाम, और फर्न शामिल हैं। इन पौधों के साथ ही लोग आम, अमरुद, नीम, पीपल, बरगद, कटहल के साथ ही नीबू को कॉलोनी के गार्डन में लगाने के लिए खरीदते हैं। अभी इन पौधों की मांग बिलकुल नहीं की जाती है। लेकिन बारिश शुरू होते ही सबसे ज्यादा देशी फल, फूल वाले पौधों के बीच छाया देने वाले पौधों की मांग बढ़ती है।

## समाज लाइव

# गुजराती समाज का निशुल्क जांच शिविर दांत और त्वचा के इलाज की दी सलाह



**रायपुर।** श्री गुजराती समाज, सखी महिला एवं युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क दंत एवं त्वचा स्वाास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. वीना देसाई मल्होत्रा ने निशुल्क सेवाएं दी। मां वैष्णवी देवी मंदिर परिसर सेक्टर 4 में जरुरतमंद मरीजों का इलाज किया गया। इस दौरान समाज के साथ साथ अन्य लोगों ने भी शिविर का लाभ लिया। सेवा देने आए डॉक्टर्स द्वारा इस शिविर में लगभग 30 मरीजों के दांत एवं त्वचा से संबंधित शिकायत की निःशुल्क जांच की गई। चिकित्सा के लिए उचित सलाह दी।

### दवा का भी किया वितरण

शिविर में समाज के संरक्षक रमेश भाई सोलंकी, अध्यक्ष ललित पंड्या, कोषाध्यक्ष नितिन पंड्या, सह सचिव दीपक सोलंकी, कार्यकारिणी सदस्य सुनील त्रिवेदी, युवा मंडल सचिव रोहित त्रिवेदी एवं समाज सदस्य हेमंत खत्री विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर में सखी महिला मंडल संरक्षक रीना बेन जोशी, संरक्षक भारती सोनी, उपाध्यक्ष हर्षा गांधी, कोषाध्यक्ष रेखा पंड्या, कोषाध्यक्ष चेतना खत्री, सचिव शीतल सरवैया, सह सचिव नेहा पंड्या एवं समाज सदस्य ज्योति दवे का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टरों को समाज की तरफ से प्रतीक चिन्ह भेंटकर निःशुल्क सेवा देने पर आभार व्यक्त किया गया।

## सिटी लाइव

# अशांत मन से शांत जीवन की ओर विषय पर 2 मई से प्रवचन

**रायपुर।** मानसिक तनाव और अशांति से ग्रस्त वर्तमान जीवनशैली में शांति और संतुलन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजा संघ न्यू राजेंद्र नगर रायपुर ने एक विशेष पारिवारिक प्रवचनमाला का आयोजन किया है। अशांत मन से... शांत जीवन की ओर विषय पर आधारित यह प्रवचन श्रृंखला 2 मई से प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे से 9.45 बजे तक श्री महावीर स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर न्यू राजेंद्र नगर रायपुर में आयोजित की जाएगी। इस आयोजन में उपाध्याय भगवंत महेंद्र सागर, उपाध्याय भगवंत मनीष सागर एवं साध्वीश्री हंस कीर्ति आदि ठाणा-3 की पावन निश्रा प्राप्त होगी।




### सकारात्मक बनाने में सहायक होंगे

प्रवचनमाला का मुख्य उद्देश्य है भीतर की भावनाओं की सफाई, मानसिक सजगता और आत्मिक संतुलन की प्राप्ति। इसमें ऐसे सूत्रों को साझा किया जाएगा, जो जीवन को अधिक शांतिपूर्ण, संतुलित और सकारात्मक बनाने में सहायक होंगे, जैसे कि भाव-दशा की थकान दूर करना, भीतर की उलझन सुलझाना, नकारात्मक सोच से बाहर आना, शांति और संतोष को अपनाना तथा धर्म, नीति और आत्मविश्वास के माध्यम से जीवन को नई दिशा देना। श्री मेघराज बेगानी धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री धर्मराज बेगानी एवं वर्धमान श्रीसंघ ने नगरवासियों से जीवन को मानसिक शांति, भावनात्मक संतुलन और आध्यात्मिक ऊर्जा की ओर अग्रेषित करने वाले इस प्रवचनमाला में भाग लेने का आग्रह किया है।

### बीए-एमए क्लासिक के साथ एमए संस्कृत का कोर्स कर युवा बन रहे शिक्षक, प्रोफेसर और वेदाचार्य

# वेद-आचार्य के साथ संस्कृत के विद्यार्थी धर्म की अलख जगाने शास्त्र पढ़कर बन रहे भागवताचार्य



देवभाषा संस्कृत के प्रति युवाओं का लगाव अब भी कायम है। 12वीं तक सामान्य पढ़ाई के बाद छात्र-छात्राएं संस्कार-संस्कृति के साथ संस्कृत की पढ़ाई करने जीई रोड स्थित शासकीय दूधाधारी श्री राजेश्री वैष्णवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीए क्लासिक में एडमिशन लेने के बाद एमए क्लासिक-एमए संस्कृत की शिक्षा के बाद आचार्य, वेदाचार्य और ज्योतिषाचार्य बनने में रुचि ले रहे हैं। कुछ लोग बेसिक ज्ञान के बाद किसी भागवताचार्य के पास श्रीमद भागवत-श्री रामकथा वाचन का गुर सीखने आते हैं।



**रायपुर।** कॉन्वेंट कल्चर के बीच एक वर्ग ऐसा भी है, जिनके जेहन में अभी भी देवभाषा संस्कृत रचती-बसती है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी 12वीं पास करने के बाद ही कॅरियर निर्माण के लिए संस्कृत चुनने लगे हैं। वे महाविद्यालय में प्रवेश लेने के साथ ही अनुष्ठान, वेदाचार्य, ज्योतिष शास्त्र के साथ ही संस्कृत साहित्य और व्याकरण के लिहाज से खुद को बेहतर करते हुए गुरुओं की शरण लेते हैं। संस्कृत की पढ़ाई करने के बाद उन्हें मंत्रों, वेदों के साथ ही व्याकरण का ज्ञान होता है, लेकिन पुरोहित और आचार्य बनने के साथ श्रीमद भागवत कथा और श्रीरामचरित मानस का प्रवचन करने के लिए किसी कथावाचक को गुरु बनाते और उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेने के बाद धर्म की अलख जगाने आसंदी संभालते हैं।




### संस्कृत की पाठशाला के विद्यार्थी लेते

दूधाधारी व जैतूसाव मठ में हर साल संस्कृत की पाठशाला से निकलने वाले विद्यार्थी भी कॉलेज की पढ़ाई के लिए संस्कृत महाविद्यालय में प्रवेश लेते हैं। कोविड के बाद से हालांकि विद्यार्थी कम हुए हैं, इसके बाद भी वर्तमान सत्र में 254 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इनमें एमए-क्लासिक्स में वेद की शिक्षा अभी 14 विद्यार्थी ले रहे हैं। वहीं व्याकरण की शिक्षा 3 और साहित्य की पढ़ाई 4 लोग करते हैं। इनके साथ ही 6 लोग ज्योतिष की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इनमें 49 विद्यार्थी ऐसे हैं, जो संस्कृत में एमए कर रहे हैं।

### कथावाचक बनने गुरु बनाएं या बनारस जाएं

कॉलेज के पूर्व छात्र एवं श्रीमद भागवताचार्य पं. ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने के बाद कोई विद्यार्थी बेरोजगार हो, ऐसा एक भी विद्यार्थी देखने को नहीं मिलता। 1999 में पढ़ाई पूरी करने के बाद परिवार के लोग श्रीमद भागवत कथा से जुड़े थे, इसलिए उनसे ही वेदों और पुराणों की महत्ता जानने-समझने के बाद विगत साल से आस्था की अलख जगा रहा हूं। प्रदेश में कथावाचक बनाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। जिनको मार्गदर्शक नहीं मिलते, वे बनारस जाते हैं।

### वेद-शास्त्रों से प्रसंगों का करते हैं मंथन

पढ़ाई करने के साथ ही श्रीमद भागवत और श्री रामकथा वाचन के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवा कथावाचकों की नई पौध भी तैयार हो रही है। आस्था की अलख जगाने के लिए पं. आयुष त्रिपाठी, सुमन मिश्रा और पं. ओमप्रकाश उपाध्याय ने कथावाचन को चुना। वे बताते हैं कि इस विधा को गुरु के मार्गदर्शन में ही साधना पड़ता है। वेदों और शास्त्रों के साथ ही प्रसंगों से जुड़े तथ्यों का मंथन करने के बाद ही गुरु के मार्गदर्शन में व्यासपीठ मिलती है। ऐसा ही वेदाचार्य, ज्योतिषाचार्य के साथ भी होता है।

### कई नाम ऐसे, जो बन गए कथावाचक

रिटायर्ड डॉ. टीएन वैष्णव ने पुरानी यादें साझा करते हुए बताया कि संस्कृत पढ़ने वाला युवा कभी भी बेरोजगार नहीं हो सकता। वेदभाषा का ज्ञान होने से उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना कम करना पड़ता है। आगे बताया कि कितने लोग वेदाचार्य, ज्योतिषाचार्य और भागवताचार्य बने हैं। यह बताना संभव नहीं, लेकिन कुछ नाम याद हैं, जो कॉलेज से पढ़कर निकले और आसंदी संभाली है। इनमें संत पवन दीवान, प्रमोद शास्त्री, रामप्रताप मिश्र, रोहित शर्मा, वेदप्रकाश, संदीप शुक्ला, हेमंत शर्मा जैसे प्रमुख कथावाचक हैं।

# अक्षय तृतीया के लिए सजा गुड्डे-गुड़िया का बाजार



**रायपुर।** अक्षय तृतीया के पहले शहर के आमापारा बाजार में रौनक दिखने लगी है। ग्राहक पूजा-सामग्री के साथ-साथ पारंपरिक गुड्डा-गुड़िया की खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। खासकर छोटी बच्चियों के लिए बाजार में रंगबिरंगे गुड्डे-गुड़िया की जोड़ी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। ये खिलौने 50 से 100 रुपए की रेंज में उपलब्ध हैं। बाजार में पहुंचीं एक बच्ची ने अपनी पसंद की गुड़िया खरीदते हुए कहा कि हर साल अक्षय तृतीया पर मम्मी मुझे नई गुड़िया दिलाती हैं। दुकानदारों का कहना है कि हर साल इस पर्व पर गुड्डे-गुड़िया की बिक्री अच्छी होती है और इस बार भी लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।



# सीमंधर स्वामी जन्मोत्सव पर झुलाया पालना भक्तिमय माहौल में लिया पूजा का लाभ



**रायपुर।** आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर और श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में मुनि भगवंत ऋजुप्रज्ञ सागर व प्रसम सागर महाविदेह में विचरण कर रहे हैं। तीर्थंकर सीमंधर स्वामी के जन्म का वाचन किया।

सीमंधर स्वामी को पालना झुलाने का लाभ मूलचंद संतोष सरला बैद रायपुर वालों ने प्राप्त लिया। सीमंधर स्वामी जन्मोत्सव पर थाली बजाकर कमलचंद आरती, आदित्य मानसी अभिषेक बैद परिवार ने सकल श्रीसंघ को बधाई दी। जिनालय के सभा मंडप में सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव की बधाई दी। तीर्थंकर परमात्मा जब मातारानी के गर्भ में आते हैं, तब माता 14 श्रेष्ठ स्वप्न देखती हैं। जैन धर्म में 14 स्वप्नों का विशेष महत्व है।

### 14 महास्वप्नों के लिए बधाई और पूजा

माता को आए 14 स्वप्नों, कल्प वृक्ष और भगवान को पालने में झुलाने के लिए सकल जैन श्रीसंघ की ओर किए गए आयोजन में उत्साह के साथ भक्तिमय माहौल रहा। इस बार भी बधाई का लाभ लेने भक्त उत्साहित थे। तीर्थंकर की माता द्वारा वर्णित 14 महास्वप्नों को बधाते हुए पूजा का लाभ लेने वाले परिवार निम्नानुसार हैं। श्वेतहस्ती-महेंद्र कुमार, तरुण कुमार, मानस, गौरव, कल्प, गर्वित कोचर प्रमुख रहे हैं। इनके साथ वृषभ-टोडरमल, सुरेश विजय कांकरिया, सिंह-पुष्पा देवी, मनोज कविता कोठारी, महालक्ष्मी-वर्तिका वर्द्धमान, वैभव चोपड़ा, दो पुष्पमाला-तिलोकचंद, शांति-अशोक बरड़िया पूर्ण चंद्रमा प्रमुख हैं।

# शीतला स्वरूप में मां शोलापुरी ने दिए दर्शन, एक झलक पाने लग रहा तांता

**रायपुर।** इस बार भी श्रीश्रीश्री शोलापुरी माता पूजा समिति की अगवाई में 18वें वर्ष भी माता का दिव्य दरबार भनपुरी में सजाया गया है। जहां 22 अप्रैल से शोलापुरी माता पूजा उत्सव की श्रृंखला सजाई जा रही है। इसमें गुरुवार को दूसरे दिन भक्तों को शीतला माता स्वरूप में मां शोलापुरी माता ने दर्शन दिए। हर दिन शाम की आरती में शामिल होने वाले भक्तों को माता का अलग स्वरूप देखने को मिलता है। इस साल भी माता की मूर्ति को स्वरूप देने का दायित्व रामेश्वर नगर निवासी मोहन राव निभा रहे हैं। संरक्षक नागभूषण राव, अध्यक्ष पी. पापा राव, कार्यवाहक अध्यक्ष एम. वासु राव, एम. त्रिनाथ राव, जे. कृष्णा राव और ओ. शंकर राव आयोजन को सफल बनाने व्यवस्था संभाल रहे हैं।

### भनपुरी में बन रहा रोज उत्सव का माहौल





### 27 को 21 व्यंजनों का लगेगा भोग

समिति के एम. सीताराम, टी. धनराज, टी. देवराज ने बताया कि पांच दिवसीय पूजा उत्सव का समापन 27 अप्रैल को किया जाएगा। इसके पहले शोलापुरी माता को 21 व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इसमें 301 किलो चावल का महाभोग भी शामिल होगा। इसके बाद भक्तों के लिए भंडारा किया जाएगा। शाम को शोभायात्रा के साथ लोग माता की विदाई का हिस्सा बनेंगे। इसके लिए समिति ने जिम्मेदारी बांट दी है।

**पांच किलो हल्दी से बनाया स्वरूप :** बुधवार से रामेश्वर नगर निवासी मोहन राव के साथ पुजारियों का समूह माता की सेवा की कमान संभाल रहा है। माता की स्थापना के दूसरे दिन भी पांच किलो हल्दी का उपयोग करते हुए पांच फीट की मूर्ति रोज बनाते हैं। अलग-अलग स्वरूप में रोज पूजा होती है। घर में पकाए गए व्यंजनों का रोज माता को भोग लगाया जाता है। हर दिन शाम को भक्तों का मेला लगता है। दर्शन के लिए लोग संन्यासी पारा, डब्ल्यूआरएस, खमतराई से भी परिवार के साथ माता का दर्शन करने के लिए आते हैं।



## सिटी स्पोर्ट्स

### एक ही नाम की रेलवे की दो खिलाड़ी एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई




**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल में पदस्थ एक ही नाम की दो महिला खिलाड़ियों ने एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। पूजा नाम की दोनों खिलाड़ियों ने कोच्चि (केरल) स्थित महाराजास कॉलेज स्टेडियम में 21 से 24 अप्रैल तक आयोजित 28वीं नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इनमें टिकट कलेक्टर, कमर्शियल क्लर्क के तौर पर सेवा दे रही पूजा ने 1500 मीटर महिला दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4:12.56 मिनट का समय निकालकर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई किया। वहीं एक अन्य खिलाड़ी टिकट कलेक्टर,कमर्शियल क्लर्क पूजा ने हेप्टाथलॉन स्पर्धा में दमदार प्रदर्शन करते हुए 5401 अंक अर्जित कर दूसरा स्थान हासिल किया और एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में अपनी जगह सुनिश्चित की। दोनों खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सहित वरिष्ठ अधिकारियों तथा खेल संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि न केवल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह अन्य खिलाड़ियों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत है। रेलवे प्रशासन को दोनों खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और समर्पण पर गर्व है।

### भारतीय खेल प्राधिकरण में तीन हॉकी खिलाड़ियों का चयन



**रायपुर।** भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय खेल प्राधिकरण (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया – साई) के राजनांदगांव स्थित प्रशिक्षण केंद्र में क्षेत्र की तीन उभरती हुई हॉकी खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

यह चयन साई के आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित चयन ट्रायल्स में शारीरिक दक्षता, फिटनेस टेस्ट और कौशल परीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। चयनित खिलाड़ियों में राजनांदगांव के पदुमलाल पुन्ना लाल बख्शी स्कूल की छात्रा चांदनी नेताम, शिव शक्ति पब्लिक स्कूल की छात्रा नंदिनी और लक्ष्य पब्लिक स्कूल की छात्रा जान्हवी मेश्राम शामिल हैं।

इस चयन प्रक्रिया में देश भर से आए प्रतिभाशाली युवा हॉकी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। चयनित खिलाड़ियों को अब साई के छात्रावास में उच्च स्तरीय खेल सामग्री, संतुलित और पौष्टिक आहार, विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित प्रशिक्षण, तथा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने बताया कि इस प्रकार की सुविधाएं खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होंगी और क्षेत्र के अन्य बच्चों को भी हॉकी के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा।

### राष्ट्रीय शालेय गतका क्रीड़ा प्रतियोगिता दिल्ली के लिए चयनित हुई निशा

**रायपुर।** 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता



दिल्ली में गतका खेल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सरगुजा जिला गतका संघ से शासकीय कन्या उमा विद्यालय अंबिकापुर में पढ़ने वाली निशा टोप्पो का चयन हुआ है।

निशा सरगुजा के ग्रामीण अंचल से निकल कर आज देश की राजधानी दिल्ली में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा के गांधी स्टेडियम में गतका खेल का सम्पूर्ण संसाधन उपलब्ध है।


राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने पर सरगुजा जिला गतका संयोजक रजत सिंह, कृष्ण एक्का, सुनैना जायसवाल, प्रियंका पैंकरा, खुशबू गुप्ता, प्रिया जायसवाल, अभिषेक, विक्की समेत अन्य खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

### थक्का बनने से रुकता है शरीर में बहता खून, प्रोटीन है इसके लिए जिम्मेदार

# चोट लगने के बाद नहीं रुकता खून का बहना, आपके लिए जानलेवा हो सकती है हीमोफीलिया की समस्या

शरीर में चोट लगने, कहीं कट जाने पर खून निकलता है, हालांकि कुछ ही समय के भीतर खून निकलना बंद भी हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है कि क्योंकि हमारा शरीर ऐसी स्थिति में खून का थक्का बना देता है जिससे कि ज्यादा खून न बहने पाए। पर क्या हो अगर किसी के शरीर में खून का थक्का ही न बने? ऐसी स्थिति में छोटे से कट से भी भारी मात्रा में खून बह सकता है जिससे शरीर पर कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इस स्थिति को हीमोफीलिया कहा जाता है।

हीमोफीलिया एक दुर्लभ विकार है जिसमें शरीर में ब्लड क्लॉटिंग ही नहीं हो पाती है क्योंकि ऐसे रोगियों में रक्त का थक्का जमाने वाले प्रोटीन की कमी हो जाती है। जिन लोगों को हीमोफीलिया है उन्हें अधिक रक्तस्त्राव का खतरा रहता है। इसके अलावा आंतरिक रक्तस्त्राव आपके अंगों और ऊतकों को नुकसान पहुंचा सकती है जिसे जीवन के लिए खतरा माना जाता है।



#### हीमोफीलिया की समस्या

हीमोफीलिया के लगभग सभी मामले आनुवंशिक विकार वाले होते हैं। जब किसी व्यक्ति को रक्तस्राव होता है, तो शरीर आमतौर पर रक्तस्राव को रोकने के लिए रक्त कोशिकाओं को इकट्ठा करके थक्का बनाता है। हीमोफीलिया तब होती है जब क्लॉटिंग फैक्टर का स्तर कम हो जाता है या फिर रक्त के थक्के बिल्कुल भी नहीं बन पाते हैं। यदि किसी व्यक्ति के परिवार के सदस्यों को इस तरह की समस्या रही है तो दूसरे लोगों को भी इसका खतरा हो सकता है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में हीमोफीलिया की समस्या अधिक देखी जाती रही है।

#### कैसे जानें कहीं आपको तो नहीं है ये समस्या


हीमोफीलिया के लक्षण थक्के जमने के कारकों के आधार पर अलग-अलग होते हैं। आपको बिना किसी कारण के रक्तस्राव होता है या फिर थोड़े से कट के बाद अधिक रक्त निकल जाता है और सामान्य तरीकों से ये कंट्रोल नहीं हो पाता है तो इसे हीमोफीलिया का संकेत माना जा सकता है।

कटने या चोट लगने पर अत्यधिक रक्तस्राव होना, टीकाकरण या इंजेक्शन से भी असामान्य रूप से खून निकलने की समस्या, मूत्र या मल में रक्त आना, नाक से खून आना इस बात का संकेत है कि आपको हीमोफीलिया हो सकती है।



#### हीमोफीलिया हो जाए तो क्या करें?

जिन लोगों में हीमोफीलिया की निदान होता है उन्हें उपचार में नस में एक ट्यूब के माध्यम से क्लॉटिंग बनाने वाले प्रोटीन दिए जाते हैं। कुछ प्रकार की दवाओं के माध्यम से भी रक्त के थक्के को बनने को बढ़ावा दिया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ऐसे लोगों को चोट या किसी प्रकार के कट से बचाव को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। कुछ स्थितियों में गंभीर रक्तस्त्राव जानलेवा भी हो सकती है।



## गर्मियों में पराठा बनाते वक्त इन बातों का रखें ध्यान, दिन बन जाएगा खास

कई लोग सुबह नाश्ते में सिर्फ पराठे खाना पसंद करते हैं। मगर कई बार गर्मी इतना ज्यादा बढ़ जाती है कि पराठे कुछ ज्यादा हैवी हो जाते हैं। हालांकि, पराठे के पेट तो भर जाता है, लेकिन बाद में कई तरह की दिक्कत होने लगती है। माना यह एक हेल्दी ऑप्शन है, लेकिन इसे हर रोज खाना अच्छा नहीं माना जाता। अगर पराठे बनाते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखा जाए, तो पराठे को हेल्दी बनाया जा सकता है। बता दें कि पराठा सेहत पर बुरा असर तब डालता है, जब इसे गलत तरीके से बनाया जाता है।



#### मैदा की जगह आटा करें इस्तेमाल

कई लोग पराठे बनाते वक्त मैदा का इस्तेमाल करते हैं। उन लोगों का मानना है कि मैदा डालने से पराठा क्रिस्पी बनेगा, लेकिन ऐसा नहीं है। मैदा थोड़ा हैवी होता है और देर से पचता भी है। साथ ही, यह पराठे को थोड़ा हैवी भी बनाने का काम करता है।

इसलिए बेहतर होगा कि आप मैदा का थोड़ा भी इस्तेमाल न करें। गेहूं के आटे से पराठे का आटा गूंथे और कुछ देर रखें। ऐसा करने से आपका पराठा बिल्कुल परफेक्ट बनेगा और हेल्दी भी रहेगा।

#### पराठे में मौसमी सब्जियों को करें शामिल

पराठे को हेल्दी बनाने के लिए मौसमी सब्जियों को शामिल किया जा सकता है। सब्जियों को शामिल करने से पराठा न सिर्फ स्वादिष्ट बनेगा, बल्कि हेल्दी भी रहेगा। आप डिहाइड्रेशन से बचने के लिए खीरा और दूसरी सब्जियों को शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा, हरी सब्जियों को शामिल कर सकते हैं। हरी सब्जियों से पराठे को नया स्वाद मिलेगा, साथ ही आपको कई तरह के पोषक तत्व भी मिलेंगे। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप पराठे बनाते वक्त मौसमी सब्जियों को शामिल करें।

#### पराठे बनाते में घी का करें कम इस्तेमाल

एक्सपर्ट की मानें तो घी खाना सेहत को फायदा पहुंचाता है। लेकिन इसे बहुत अधिक मात्रा में नहीं खाना चाहिए। रोज लगभग 1 चम्मच घी खाने की सलाह दी जाती है। इससे ज्यादा घी हेल्थ के लिहाज से किसी भी तरह ठीक नहीं होता। ऐसे में अगर आप एक पराठे के लिए 2 चम्मच घी का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि आपको 2 पराठे बनाने में 4 चम्मच घी लग गया। ऐसे में जरूरी है कि आप पराठे बनाते वक्त कम घी का इस्तेमाल करें।

#### पराठे के ऊपर बटर डालकर नहीं खाएं

अगर आप पराठे के ऊपर एक्स्ट्रा बटर डालते हैं, तो इससे कई तरह की परेशानियां पैदा हो सकती हैं। साथ ही, आपको गर्मियों में थोड़ा अजीब लग सकता है। ऐसे में जरूरी है कि ऊपर से मक्खन डालकर न खाएं।

## थाली में नहीं, इन पत्तों पर लगाइए भगवान को भोग



भगवान के पूजा-पाठ में तमाम तरह की चीजों का उपयोग किया जाता है। उसमें से एक है प्रसाद चढ़ाने के लिए बर्तन या पत्तल। बता दें कि हिंदू धर्म में पत्तों पर भोग लगाने का विशेष महत्व है। आजकल लोग अपनी सहुलियत को देखते हुए प्लास्टिक के दोना-पत्तल में भोग लगाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है प्लास्टिक को शुद्ध नहीं माना गया है। इसलिए लोगों को प्लास्टिक की चीजों पर भोग नहीं लगाना चाहिए।

बर्तनों में भोग लगाने से ज्यादा भगवान को पत्तलों में भोग ग्रहण करना ज्यादा प्रिय है। तो चलिए जानते है कि नियमित पूजन के दौरान हम भगवान को भोग लगाने के लिए किन पत्तों का उपयोग कर सकते हैं।

#### केले के पत्ते में लगाएं भोग

केले के पेड़ में स्वयं भगवान विष्णु वास करते हैं। इसलिए इसके पत्ते में भोग लगाने से भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। साथ ही यह भगवान विष्णु का प्रिय पेड़ है इसलिए केले के पत्ते में लगे भोग को भगवान प्रसन्नता से स्वीकार करते हैं। शास्त्रों के अनुसार केले के पत्ते में माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु (भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए क्या करें) को भोग लगाने से हमेशा घर में अन्न का भंडार बना रहता है और घर में प्रेम मिठास भी बना रहता है। आप केले के पत्तों को काटकर उसपर भोग रखें और भगवान को अर्पित करें। पान के पत्ते का उपयोग पूजा पाठ में नवग्रह स्थापना करने से लेकर भगवान को बीड़ा बनाकर अर्पित करने तक, तमाम तरह की चीजों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।



## जॉब नहीं लग रही तो इन फ्री फाइनेंस कोर्स का लें सहारा

क्या आप फाइनेंस के बारे में अधिक जानना चाहते हैं और अपने करियर को इसी सेक्टर में आगे बढ़ाना चाहते हैं? अगर हां, तो आपके लिए ये 3 मुफ्त फाइनेंस कोर्स एकदम सही साबित हो सकते हैं। ये पाठ्यक्रम आपको फाइनेंस की बुनियादी बातों से लेकर इंडस्ट्री लेवल तक सब कुछ सिखाएंगे। अगर आपको नौकरी नहीं मिल रही है, तो परेशान न हों, आप इन तीन फ्री फाइनेंस कोर्स के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

येल विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय बाजारों पर कई मुफ्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जाते हैं। ये फाइनेंशियल मार्केट, स्टॉक मार्केट, इंश्योरेंस कवर करती है। भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलोर (आईआईएमबी) का बैंकिंग और वित्तीय बाजारों का परिचय पाठ्यक्रम, शिक्षार्थियों को बैंकिंग और वित्तीय बाजारों, संबंधित संस्थानों, तंत्रों और प्रक्रियाओं की गतिशीलता से परिचित कराता है। यह पाठ्यक्रम प्रोफेसर पीसी नारायण द्वारा पढ़ाया जाता है। यह उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो वित्तीय क्षेत्र के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाना चाहते हैं।

#### पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कैसे करें?



यह पाठ्यक्रम स्वयं मंच के माध्यम से पेश किया जाता है। स्वयं भारत सरकार की एक पहल है जो मुफ्त और अच्छी शिक्षा ऑनलाइन प्रदान करती है। पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने के लिए, आपको स्वयं वेबसाइट पर एक खाता बनाना होगा और फिर पाठ्यक्रम के लिए नामांकन करना होगा। भारतीय स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रमों की सुविधा प्रदान करता है जो कई प्रकार के विषयों को कवर करते हैं, जिनमें व्यवसाय, प्रबंधन, वित्त, और प्रौद्योगिकी शामिल हैं। ये पाठ्यक्रम व्यस्त पेशेवरों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जो अपने ज्ञान और कौशल को विकसित करना चाहते हैं।

#### आईएसबी ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कैसे करें

आईएसबी ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने के लिए, आपको पहले आईएसबी वेबसाइट पर एक खाता बनाना होगा। एक बार जब आपके पास एक खाता हो जाता है, तो आप उपलब्ध पाठ्यक्रमों की सूची ब्राउज कर सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं।

वित्त में काम करने के लिए एमबीए की ज़रूरत नहीं होती। हालांकि, यह क्षेत्र काफी प्रतिस्पर्धी है, खासकर शुरुआती स्तर पर, वित्त डिग्री की कमी की भरपाई के लिए प्रासंगिक प्रमाणपत्र और व्यावहारिक अनुभव हासिल करना जरूरी हो सकता है। इनकम टैक्स ऑफिसर, यूनिवर्सिटी प्रोफेसर, सरकारी डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, एक्सटर्नल अफेयर्स, मर्चेंट नेवी जैसी सरकारी नौकरियां अच्छी मानी जाती हैं। 12वीं के बाद आप तकनीशियन, टिकट कलेक्टर, सहायक लोको पायलट, स्टेशन मास्टर के रूप में काम कर सकते हैं।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रुई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
आकाश जैन - 98261-64650,
रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
Mango COMMERCIAL COOLER
हॉल, वर्कशॉप गोडाऊन, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

RAHUL SYNTHETICS
PREMIUM UNIFORMS
UNIFORM RANGE
School, Staff, Hostels, Corporates, Hospitals, Nursing Homes
Housekeeping, Field Staff, Workers, Workshops
All types of uniform, School, College & Security C.G. & Odisha
Shop No. 5, Mahalaxmi Cloth Market, Pandri, Raipur (C.G.)
Vinod Ahuja 9425513156 Rahul Ahuja 7879917006

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हैरी पॉटर की टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा, किरदारों को लेकर उत्सुकता



हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं रुबस हैग्रिड का खास रोल निक फ्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म निर्माताओं ने कहा, 'हमें डंबलडोर, मैक्गोनागल, स्नेप, हैग्रिड, क्विरेल और फिलच के रोल के लिए जॉन लिथगो, जेनेट मैकटीयरस, पापा एस्सीडू, निक फ्रॉस्ट, ल्यूक थैलोन और पॉल व्हाइटहाउस को सीरीज में लेकर बेहद खुशी हो रही है।' वैराइटी के अनुसार, यह सीरीज के कास्ट की पहली लिस्ट जारी की गई है। हाल ही में एचबीओ ने फिल्म के मुख्य अभिनेता हैरी पॉटर, हरमॉइनी और रॉन के लिए एक ओपन कॉस्टिंग कॉल शुरू की थी, जिसमें 30, 000 से ज्यादा सब्मिशन आए। इस शौ की शूटिंग इस गर्मी से शुरू होने की उम्मीद है। फिल्म का निर्देशन मार्क मायलॉड करेंगे। सीरीज का लेखन प्रांसेस्का गार्डिनर करेंगी।

### टॉलीवुड

## चिरंजीवी के साथ नजर आएंगे नानी, बोले- इसके बारे में अभी बताना जल्दबाजी होगी



नेचुरल स्टार नानी की फिल्म 'हिट 3', 1 मई को रिलीज होने वाली है। नानी इस फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं। वहीं इसी बीच उन्होंने अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर खुलासा किया है। नानी की फिल्म 'हिट 3' रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म की रिलीज से पहले नानी ने साउथ निर्देशक से साथ मिलाया है। इस फिल्म में नानी के साथ चिरंजीवी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। जब एक इंटरव्यू में नानी से चिरंजीवी और ओडेला की फिल्म के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसे खास अनुभव बताया और चिरंजीवी के व्यवहार की तारीफ की।

खबर के मुताबिक, नानी ने कहा, ₹मैं चिरंजीवी गारू से कई बार मिला, लेकिन इस बार खास था। उन्होंने पहले खाना खाने को कहा। मैंने सुझाव दिया कि चिरंजीवी और श्रीकांत को फिल्म करनी चाहिए। वे मेरे आइडिया से खुश हुए। अभी उस फिल्म के बारे में ज्यादा बात करना जल्दबाजी होगी।₹ फिल्म 'द पैराडाइज' की रिलीज के बाद ही इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा।

चिरंजीवी और नानी एक फिल्म में नजर आएंगे। इस बात से बेहद उत्साहित हैं फैंन, लेकिन फिल्म का काम अभी शुरू नहीं हुआ है, जो फैंस के लिए थोड़ी निराशा की बात है। मेकर्स चिरंजीवी के साथ एक सीनियर बॉलीवुड हीरोइन को कास्ट करना चाहते हैं, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई। फिल्म का निर्माण एसएलवी सिनेमा के सुधाकर चेरुकुरी करेंगे।

### छॉलीवुड

## 'गुइयां-2' रिलीज होगी 2 मई को, ट्रेलर ने रिझाया दर्शकों को



छत्तीसगढ़ी फिल्म ₹गुईयां-2₹ का निर्देशन अमलेश नागेश ने खुद किया है। यह फिल्म 2 मई को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। जिसे छत्तीसगढ़ी फिल्मों के दर्शक पसंद कर रहे हैं। अमलेश नागेश इस फिल्म के माध्यम से दर्शकों के बीच अपनी पैठ बनाने की कोशिश की है, क्योंकि उनकी पिछली कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो पाई थीं। मोहित साहू ने इस फिल्म का निर्माण किया है और उन्हें उम्मीद है कि ₹गुईयां-2₹ भी सफल होगी। फिल्म की टीम में अमलेश नागेश, दिलेश साहू, अनिकृति चौहान, दीक्षा जयसवाल, प्रकाश अवस्थी, धर्मेंद्र चौबे, जीत शर्मा, मोहित जोशी, आर मास्टर, पप्पू चंद्राकर, अमित गोस्वामी, ओपी सिंह, रजत सिंह राजपूत, डीओपी-रजत सिंह राजपूत,गायक-सुनील सोनी, मोनिका वर्मा, अनुराग शर्मा, तोषांत कुमार, अतिरिक्त स्वर - राजन कर, गीत-मोनिका वर्मा, ओमी स्टाइलो, संगीत-मोनिका वर्मा, तोषांत कुमार, ओमी स्टाइलो, कोरियोग्राफर-चंदन दीप, मनोज दीप, रजत सिंह राजपूत,बीजीएम -मनोहर यादव,म्यूजिक अरेंजर-प्रफुल्ल बेहरा,फाइट मास्टर-सतीश अन्ना (चेन्नई), सम्पादक -गौरांग त्रिवेदी,सहायक संपादक-तुषार ठाकुर, वीएफएक्स-प्रवीर दास, डीआई-हमिंग बर्ड वीएफएक्स मुंबई, मेकअप-कांता नायक,कला-राम यादव, स्टिल फोटोग्राफी-देसी राजा,गिम्बल-आर्यन एस.एस,पोस्टर डिजाइन-मंडल ग्राफिक्स शामिल हैं।

# समर सीजन में अपनाएं ग्रे कलर आउटफिट्स



समर में अक्सर हम ढीले-ढाले और पतले कपड़े से बने आउटफिट्स को स्टाइल करना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हमें पसीना कम आता है साथ ही यह पहनने में भी कम्फर्टेबल रहते हैं। लेकिन इन्हें खरीदते समय जरूरी है कि आप आउटफिट के सही कलर को चूज करें, ताकि इन्हें पहनने के बाद आप कम्फ़र्टबल फील करें। ऐसे में आप ग्रे कलर के आउटफिट्स को वियर कर सकती हैं।

### टाई टी-शर्ट ड्रेस





अगर आप बाहर किसी पार्टी में या आउटटिंग के लिए जा रही हैं तो इसके लिए आप टाई टी-शर्ट ड्रेस को वियर कर सकती हैं। ग्रे कलर लाइट कलर के साथ-साथ कूल कलर भी होता है। इसलिए समर सीजन में सबसे ज्यादा पहना जाता है। आप इसके साथ चाहें तो ज्वेलरी और कुछ ट्रेंड एक्सेसरीज को एड कर सकती हैं, जिससे आउटफिट अच्छा लगे। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको टी-शर्ट वाले कपड़े में भी मिल जाएगी। साथ ही आप चाहें तो इसे जॉर्जेट फैब्रिक में खरीद सकती हैं। इसके लिए आपको बाजार में 250 से 500 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।

### जंपसूट करें वियर

आप समर सीजन में जंपसूट को भी वियर कर सकती हैं। इसमे आपको प्लेन और प्रिंटेड जंपसूट के डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे आप पार्टी या नॉर्मल डे में भी पहन सकती हैं। ग्रे कलर अच्छा लगता है। इसलिए आप चाहें तो इसके साथ लाइट ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं, जिससे आपका लुक अच्छा लगे। मार्केट में इस तरह के जंपसूट 100 से 200 रुपये में मिल जाएंगे।

### बॉडीकॉन ड्रेस करें स्टाइल

ग्रे कलर में आप बॉडीकॉन ड्रेस को भी वियर कर सकती हैं। इसमें भी लुक अच्छा लगता है। साथ ही पार्टी में पहनने के लिए बेस्ट होती है। आप चाहें तो इसमें प्रिंटेड डिजाइन ले सकती हैं या डार्क ग्रे कलर को वियर कर सकती हैं। इस लुक को और अच्छा बनाने के लिए साथ में सिल्वर कलर की ज्वेलरी को भी स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में समर सीजन में इस तरह की ड्रेस आसानी से मिल जाएगी। जिसे आप 250 से 500 रुपये में खरीद सकती हैं।

# नाईट क्रीम में घी का करें इस्तेमाल



स्किन की केयर करने के महिलाएं कई सारे उपाय करती है साथ ही कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। इन चीजों का इस्तेमाल करने के बाद भी कई बार रिजल्ट आपकी इच्छा अनुसार नही आता है और स्किन से जुड़ी समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती हैं। जहां दिन भर में स्किन की केयर करने के लिए महिलाएं कई सारे उपाय और प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं तो वहीं रात के समय स्किन की केयर करने में मामले में महिलाएं केयरलेस हो जाती हैं लेकिन स्किन की केयर रात में भी जरुरी हैं।

### स्किन के लिए फायदेमंद है घी

घी में कई सारे गुण पाए जाते हैं और ये सभी गुण सहते के साथ-साथ बालों और स्किन के लिए फायदेमंद हैं। घी में एंटीमाइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं और ये गुण स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मदद करते हैं। वहीं घी में फैटी एसिड्स होते हैं जो स्किन के लिए फायदेमंद है साथ ही घी में पाए जाने वाले कई सारे और गुण स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मदद करते हैं। इसे भी पढ़ें :घर पर ही इन तीन तरीकों से बनाएं एंटी-फ्रिज हेयर सीरम

रात के समय चेहरे पर घी लगाने से ड्राई स्किन से छुटकारा मिलता है और चेहरे के दाग धब्बे भी कम हो जाते हैं। वहीं रात के समय घी का इस्तेमाल करने से चेहरे की स्किन मुलायम और चमकदार भी होती हैं। वहीं स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए आप घी का इस्तेमाल किया जा सकता है साथ ही रात के समय घी लगाने से चेहरे की त्वचा ग्लो भी करेगी। रात के समय चेहरे पर स्किन लगाने से चेहरे पर रूखापन कम होता है साथ ही चेहरे से जुड़ी कई सारे समस्या भी कम होती है।

## क्रोशिया का फैशन

## लाइफ स्टाइल



मार्नी स्प्रिंग/समर रेडी-टू-वियर फैशन शो हाल ही में मिलान फैशन वीक के दौरान प्रस्तुत किया गया। जिसमें डिजाइनरों के कलेक्शन में पैटर्न, रंग और बनावट के मिश्रण के साथ बोल्ड, खिले हुए चटख रंगों के डिज़ाइन शामिल थे। इनमें क्रोशिया की बुनाई ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। कभी हस्तकला में शामिल रही क्रोशिया अब मशीनों से बुनाई की जाने वाली कला बन चुकी है।

# स्टाइल करें स्मार्ट फुटवियर, रहेंगी कम्फर्टेबल

हम जब भी कहीं जानें के लिए तैयार होते हैं तो सबसे पहले अपने लिए कपड़ों को सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगता है। साथ ही हम चल रहे ट्रेंड को फॉलो कर पाते हैं। इसके बाद फिर हम मेकअप से अपने लुक को खूबसूरत बनाते हैं। लेकिन कुछ तभी पूरा होता है जब आप पैरों में सही तरीके के फुटवियर को स्टाइल करते हैं। जिन्हें पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहें। इंडियन आउटफिट के साथ पहनने वाले आउटफिट के बारे में हम आपको बताते हैं।



### शरारा के साथ पहनें स्ट्रैपी हील्स

शरारा आजकल काफी ट्रेंड में है इसलिए लड़कियां इसे शादी और नॉर्मल फंक्शन में पहनना भी पसंद करती हैं। लेकिन अक्सर इस बात को लेकर कंफ्यूज हो जाती हैं कि किस तरह की फुटवियर को सूट के साथ स्टाइल करें। आप इसके साथ स्ट्रैपी हील्स को वियर करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे पहनने से आपकी हाइट लंबी लगेगी। साथ ही आपका शरारा नीचे से गंदा भी नहीं होगा।

### चूड़ीदार सूट के साथ पहनें क्लोज टो सैंडल

चूड़ीदार सूट भी कई सारी लड़कियां पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी ऐसे सूट पहनना पसंद है तो इसके साथ आप क्लोज टो वाले सैंडेल को वियर कर सकती हैं। इससे आपको मिलेगा एक बेलेंस लुक। इसमें आप ओपन टो वाली सैंडल भी ले सकती हैं और क्लोज वाली भी। इससे आपके पैरों में एयर भी जाती रहेगी तो गर्मी में इसे पहनने में कोई दिक्कत भी नहीं होगी। मार्केट में इस तरीके की सैंडल आपको 250 से

# मैट लिपस्टिक करती है होंठों को ड्राई? जानें इसकी सच्चाई

हैवी मेकअप चाहे हम रोजाना न करें, लेकिन लिपस्टिक को लगभग हम सभी रोजाना होंठों पर लगाते ही हैं। आमतौर पर इसके कलर को चुनने के लिए हम स्किन टोन को ध्यान में रखते हैं। वहीं इनमें आपको कई तरह के टेक्सचर भी देखने को मिल जाएंगे। टेक्सचर के अलावा एक मिथ यह भी मन में आता है कि क्या लिपस्टिक आपके होंठों की ड्राईनेस को बढ़ाती है या यह केवल एक मिथ है? तो आइये जानते हैं इस कि मैट लिपस्टिक क्या सच में होंठों को ड्राई कर देती हैं-

### कितने तरह की होती है लिपस्टिक?

लिपस्टिक के कई प्रकार होते हैं। इनमें सबसे ज्यादा लिक्विड और क्रेयॉन को इस्तेमाल किया जाता है। इन 2 टेक्सचर के अलग-अलग फायदे और नुकसान भी होते हैं। लिक्विड की बात करें तो इनमें ऑयल की मात्रा कम होती है और यह क्रेयॉन के मुकाबले ज्यादा देर तक होंठों पर टिकी हुई रहती है। वहीं क्रेयॉन लिपस्टिक में कई प्रकार आपको देखने को मिलेंगे, जिनमें साटन मैट और मैट शामिल है। साटन मैट लिपस्टिक में काफी



हल्की सी शाइन होती है और मैट में शाइन बिल्कुल भी नहीं होती है।

### किस तरह की लिपस्टिक कर सकती हैं होंठों को ड्राई?

होंठों की ड्राईनेस को बढ़ाने के लिए केवल लिपस्टिक नहीं, बल्कि लिपस्टिक को बनाते समय इस्तेमाल होने वाले केमिकल भी जिम्मेदार होते हैं। वहीं ज्यादातर मैट क्रेयॉन और और लिक्विड लिपस्टिक में ऑयल की मात्रा कम होती है, जिसके कारण होंठों पर कलर लम्बे समय तक टिका रहता है लेकिन यह होंठों की त्वचा को ड्राई करने का काम भी करता है।

## कार्नर न्यूज

## कुछ टिप्स अपना कर आप खुद में ला सकते हैं निखार

# इस मौसम में 'ड्रेस वेल' बनना है तो रंगों और पैटर्न का ध्यान रखते हुए हो जाएं कूल-कूल, मिलेगी भरपूर तारीफ

### 'ड्रेस वेल' कैसे कहलाएं

बढ़यिा ड्रेसिंग गैर डिजाइनर और सस्ते कपड़ों में भी की जा सकती है। लेकिन इसके लिए आपको कुछ टिप्स याद रखने होंगे-

### फिटिंग कैसी है

कपड़े सस्ते से ही हों लेकिन उनकी फिटिंग सही हो तो मानिए कि ये आप पर अच्छे लगेंगे ही। इसलिए सूट जैसे कपड़ों में तो खासतौर पर फिटिंग का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। सूट में तो कंधों की फिटिंग जांचना जरूरी होता है।

### घड़ियों में भी करें निवेश

घड़ी को हाथ के हिसाब से चुनें। ये न ज्यादा बड़ी हो और ना ही छोटी। इसलिए आप घड़ी बस सुंदरता या फिर दूसरों के स्टाइल को कॉपी करके न लें। ये अगर सही से चुनी जाए तो स्टाइल स्टेटमेंट बन जाएगी।

### रंग भी बनें स्टाइल

पुरुष आज भी कपड़े खरीदते हैं तो रंगों से दूर भागते हैं। उन्हें अपने लिए सफ़ेद, काले, भूरे और नीले जैसे रंग ही समझ आते हैं।



अपने कपड़ों को लेकर हो सकता है कि आप चूजी कहलाते हों। हो सकता है कि आप महंगे कपड़े भी खूब खरीदते हों। इसके अलावा ये भी हो सकता है कि आप रंगों और पैटर्न का भी ध्यान रखते हों। लेकिन इतनी मेहनत के बाद क्या आपको ड्रेस वेल कभी भी बोला गया है? नहीं न। ऐसा इसलिए क्योंकि आपने ड्रेसिंग के बेहतरीन और जरूरी नियमों को इग्नोर कर दिया है।

### सिर्फ खरीदारी से काम नहीं चलेगा

आपने महंगे-महंगे कपड़े खरीदें हैं और इनको खरीदने के लिए आप मेहनत भी खूब करते हैं। लेकिन इसके बावजूद इन कपड़ों को दूसरी बार पहनने में ही आपका लुक बिगड़ जाता है। दूसरी बार पहनने में ही सबको लगता है कि ये आपके पुराने कपड़े हैं। दरअसल सिर्फ कपड़े खरीद लेने से काम नहीं चलता है। बल्कि कपड़ों या फिर जूतों का ध्यान भी रखना होता है। जैसे सूट है तो उसे समय-समय पर ड्राई क्लीन कराते रहें। या फिर जूतों को नियम से साफ़ करना या पॉलिश करना न भूलें।

### जूतों पर भी लगाएं पैसे



ड्रेस वेल वाले खांचें में फिट बैठना है तो आपको कपड़ों पर ही नहीं जूतों पर भी निवेश करना होगा। दरअसल ज्यादातर लोग कपड़ों पर तो पैसे लगाते हैं लेकिन जब बात जूतों की आती है तो वो पीछे हट जाते हैं। उनको लगता है कपड़े अच्छे होंगे तो जूतों तक किसी की नजर पहुंचेगी ही नहीं। जबकि ऐसा नहीं है। आपके पास हर ड्रेस के साथ वही सेम जूते पहनने का ऑप्शन नहीं होना चाहिए। ये अच्छी ड्रेस अप की निशानी बिलकुल नहीं है। आपके पास कम से कम हर तरह की स्टाइल के लिए 1 जोड़ी जूते होने चाहिए।